फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 63 प्रभात जयपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBIT



**Fanta Maggi and Rasgulla Chaat...**

The proof of the pudina pudding is in the eating, as they say, even Fanta magi and chocolate omelette.

**Computer Vision Could Spot Melanoma Early**

Melanoma is the most serious type of skin cancer because it can spread rapidly, making early detection crucial.



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को शासन सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों महापुरूषों ने देश को एक नई दिशा देने का काम किया। गांधीजी के सत्य-अहिंसा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश उनके पदचिन्हों पर चल रहा है। उनके सिद्धांतों तथा विचारों को पूरा विश्व मानता है। देश की आज़ादी से लेकर आज तक भी उनके सिद्धांत प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर उपमुख्य मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित अनेक मंत्री उपस्थित थे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जेएलएन मार्ग स्थित गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की।*

# ‘अमेरिका हमेशा इज़रायल के साथ खड़ा मिलेगा, अगर-ईरान ने इज़रायल पर आक्रमण किया’

## पर, अगर इज़रायल ने जवाबी हमला किया ईरान पर तो क्या अमेरिका इस हमले में भी इज़रायल के साथ खड़ा होगा?

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। मिडिल ईस्ट में पूर्ण युद्ध शुरु हो गया, भले ही इसे औपचारिक तौर पर युद्ध घोषित नहीं किया गया है। ईरान ने इज़राइल पर अटैक किया और संघर्ष दो देशों इज़राइल और ईरान के बीच है। ईरान के मिसाइल हमले का जवाब कभी भी आ सकता है।

अमेरिका के नैशनल सिक्योरिटी एडवाइज़र जैक सुलिवन ने पत्रकारों को बताया कि मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट करने के अभियान में अमेरिका पूर्ण सक्रिय था और लगभग 180 मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया।

अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इज़राइल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका का समर्थन एकदम मजबूत है और अगर ईरान से सीधा हमला होता है तो अमेरिका इज़राइल के साथ खड़ा है।

- **यह सवाल बार-बार उठ रहा है, वर्तमान इज़रायल-ईरान युद्ध के बारे में, क्योंकि ईरान द्वारा इज़रायल पर 400 मिसाइल दागने के बाद, अब इज़रायल के जवाबी हमले का इंतजार है, जो अब जल्द ही आयेगा, ऐसी आशंका है।**
- **ईरान की 400 मिसाइल इज़रायल की और बढ़ रही थीं, अमेरिका भी पूरी तरह सक्रिय था, इज़रायल के साथ इन मिसाइल्स को मार गिराने में और 180 मिसाइल नष्ट कर दी गई थी, इज़रायल पहुंचने से पहले।**
- **अगर, अमेरिका पूरी तरह इज़रायल के पक्ष में कूद पड़ता है, युद्ध का आयाम ही बदल जायेगा।**

अब देखना यह है कि ईरान पर इज़राइल का जवाबी हमला किस हद तक होगा और उसमें अमेरिका की भागीदारी कितनी होगी।

स्पष्ट रुप से ईरान ने जो मिसाइलें इज़राइल पर छोड़ी, उनमें से कुछ जमीन पर गिरीं और इज़राइल को नुकसान भी पहुंचा। ईरान ने इज़राइल के सघन आबादी वाले क्षेत्रों को अपना निशाना बनाया, जबकि पूर्व में उसने इज़राइल के सैन्य अड्डों पर निशाना साधा था।

इज़राइल पर हमले के बाद ईरान के लोगों को जश्न मनाते देखा गया। ईरान के लोगों ने अपनी सरकार से इज़राइल हमला और तेज करने के लिए आग्रह किया। ईरान ने अप्रैल में भी मिसाइल हमला किया था, जब इज़राइल ने लैबनान में कुछ सैन्य अधिकारियों की हत्या कर दी थी। तब अमेरिका और इज़राइल के कॉमबैट सिस्टम ने इन हमलों को बेअसर कर दिया था।

अब चर्चा है कि क्या इज़राइल और इसके पश्चिमी समर्थक ईरान पर और इसके परमाणु संयंत्रों पर हमले तेज करेंगे। इससे युद्ध और भीषण हो जाएगा। मिसाइल हमले के समानान्तर इज़राइल दक्षिणी लैबनान में आगे बढ़ रहा है, और पता चला है कि इसने हिजबुल्लाह के कई संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। इज़राइली सेना को ऐसी कई सुरंगे मिली हैं, जहां हिजबुल्लाह के अड्डे हैं। इज़राइली सेनाएं उन गांवों पर कब्जा कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राष्ट्रपति मुर्मू 3 और 4 अक्टूबर को राजस्थान दौरे पर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 3 व 4 अक्टूबर को राजस्थान की यात्रा पर रहेंगी। तीन अक्टूबर को राष्ट्रपति, उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय

- **3 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुर्मू उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में तथा 4 अक्टूबर को माउण्ट आबू में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होंगी।**

के 32 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति चार अक्टूबर को, माउन्ट आबू में प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा "स्प्रिचुएलिटी फॉर क्लीन एण्ड हैल्दी सोसायटी" विषय पर आयोजित ग्लोबल समिट में भाग लेंगी। उसी दिन वे, बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह में शामिल होंगी।

# कोटा संभागीय आयुक्त के जयपुर सहित कई ठिकानों पर ए.सी.बी. ने छापे मारे

## ए.सी.बी. ने कोटा संभागीय आयुक्त आई.ए.एस. ऑफिसर राजेंद्र विजय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया

जयपुर/कोटा, 2 अक्टूबर (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कोटा संभागीय आयुक्त, आईएएस ऑफिसर राजेंद्र विजय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर बुधवार को जयपुर, कोटा और दौसा में उनके चार ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 13 रैज़िडैंशियल और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी के डॉक्युमेंट और 2 लाख 22 हजार रु. से अधिक की नकदी मिली। इसके अलावा 335 ग्राम सोने व 11 किलो 800 ग्राम चांदी के जेवर और तीन फोर व्हीलर मिले हैं। वहीं 16 बैंक खाते मिले हैं, जिनमें लाखों रुपए जमा हैं। उनके कोटा में 2 ठिकानों और जयपुर के एक ठिकाने पर 8 घंटे तक सर्च की कार्रवाई चली। वहीं, दौसा में उनके पैतृक घर को फिलहाल सील किया गया है।

छापेमारी के बाद राज्य सरकार ने राजेंद्र विजय को एपीओ कर कोटा संभागीय आयुक्त के पद से हटा दिया है। उनका चार्ज कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी को सौंपा है।

- **राजेंद्र विजय ने सात दिन पहले ही कोटा के डिविज़नल कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया था**
- **तलाशी के दौरान 13 रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी के डॉक्युमेंट और 2 लाख 22 हजार से अधिक की नकदी मिली। इसके अलावा 335 ग्राम सोने व 11 किलो 800 ग्राम चांदी के जेवर और तीन फोर व्हीलर तथा 16 बैंक खाते मिले हैं, जिनमें लाखों रुपए जमा हैं।**
- **राज्य सरकार ने राजेंद्र विजय को एपीओ कर कोटा संभागीय आयुक्त का चार्ज कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी को सौंपा है।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र सूचना प्राप्त हुई थी कि कोटा संभागीय आयुक्त आई.ए.एस. राजेन्द्र विजय भ्रष्टाचार कर अपने एवं अपने परिजनों के नाम से आय से अधिक चल-अचल सम्पत्तियाँ अर्जित की है, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।

इस सूचना का ए.सी.बी. की इन्टैलिजैंस शाखा द्वारा गोपनीय रूप से सत्यापन किया गया एवं तथ्यों की पुष्टि होने पर आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला दर्ज किया गया। एसीबी जयपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट जयपुर के अतिरिक्त पुलिस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘भाजपा सरकार किसानों को बेवकूफ बना रही है’

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 24 फसलों पर एम.एस.पी (मिनिमम सपोर्ट प्राइज) घोषित करके किसानों को बेवकूफ बनाया है क्योंकि 24 में से 10 फसलें तो हरियाणा में उगती ही नहीं हैं।

हरियाणा के जुलाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने

- **कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिन 24 फसलों पर एम.एस.पी. घोषित की है, उनमें से दस तो हरियाणा में उगाई तक नहीं जाती हैं।**

बताया कि किसान आंदोलन के समय कैसे दिल्ली की सीमाओं पर 750 किसानों ने बलिदान दिया था। उन्होंने हरियाणा के किसानों, जवानों तथा पहलवानों के साथ किए गए अन्यायों को भी गिनाया। उन्होंने कहा, सरकार ने अग्निवीर योजना शुरू की, ताकि जवान शहीद हो जाए तो उसके माता पिता को पैंशन तक न मिले, और चार साल बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘जब मैं ओलंपिक्स में डिस्क्वालिफाई हुई, मोदी जी का फोन आया था’

## "पर, मैंने प्र.मंत्री जी से बात नहीं की, क्योंकि मैं अपनी भावनाओं को "सोशल मीडिया" पर हंसी मज़ाक का पात्र नहीं बनाना चाहती थी," विनेश फोगाट ने चुनावी आमसभा में जनता को संबोधित करते हुए कहा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। चुनावाधीन हरियाणा में कांग्रेस उम्मीदवार तथा ओलम्पियन पहलवान विनेश फोगाट का प्रचार करते हुये, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को जुलाना में महिलाओं से भावनात्मक रिश्ता जोड़ा। उन्होंने एक किसान परिवार से जुड़ी स्नेहपूर्ण बातें साझा की, राज्य की बालिकाओं के पक्के इरादों की सराहना की तथा फोगाट की हिम्मत की मुक्तकंठ से प्रशंसा कीं।

विवादित कृषि कानूनों, अग्निवीर योजना तथा बेरोजगारी को लेकर, भाजपा पर प्रहार किया। प्रियंका ने आठ साल पुरानी एक घटना का जिक्र किया, जब उनकी बेटी हरियाणा के एक बास्केटबॉल कोचिंग कैम्प में पंजीकृत हुई थी। उन्होंने कहा कि एक दिन वे अपनी बेटी को छोड़ने वहां आई थीं। तब उन्होंने कुछ समय आसपास के खेतों में गुजारा। उन्होंने

- **प्रियंका गांधी ने भी इस आम सभा में हरियाणा से जुड़े अपने उन अनुभवों को सुनाकर अभिभूत किया, जब उनकी पुत्री हरियाणा बॉस्केटबॉल का कोचिंग कैम्प "अटैन्ड" कर रही थी और उन्हें हरियाणा के लोगों का, विशेषकर महिलाओं का अपनापन व हिम्मत रूबरू देखने का व महसूस करने का मौका मिला था और जो संबंध उस समय बने आज भी बरकरार हैं, बल्कि समय के साथ और मजबूत हुए हैं।**

सुनाया, "एक वृद्ध व्यक्ति, जिन्हें मैंने "दादू" कहा था, अपनी फसल काट रहे थे। अपने बारे में कुछ भी बताये बिना मैं उनके पास गई, मैंने उनसे कहा कि मुझे फसल काटना सिखाएं, उन्होंने मुझे सिखाया तथा वे मुझे अपने घर ले गये। उनके पूरे परिवार ने अपनी बेटी की तरह मेरा स्वागत-सत्कार किया।"

जब मुझे उनके घर पर चार-पाँच घंटे हो चुके थे, तो उनका बेटा मनोज वहाँ आया। इसे संयोग ही कहा जायेगा कि मनोज ने रायबरेली में कांग्रेस के लिये काम किया था, इसलिये वह मुझे तुरंत पहचान गया। इस बात को करीब आठ साल हो गये हैं तथा मनोज, उसके दादू और (नई दिल्ली में) मेरे घर अब भी आते-जाते हैं। यह हरियाणा की संस्कृति है। देख लीजिये, हरियाणा के लोग कितने स्नेहिल प्रकृति के हैं।"

गांधी ने एक और घटना का जिक्र किया और सुनाई, जब उनकी बेटी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट में चिकित्सक पर कार्यवाही पर रोक लगाई

जयपुर, 2 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी एन.ओ.सी. के जरिए ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने से जुड़े मामले में फोर्टिस अस्पताल के डॉक्टर ज्योति बंसल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को पुलिस अनुसंधान में

- **फोर्टिस अस्पताल की डॉ. ज्योति बंसल की विशेष अनुमति याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने दंडात्मक कार्यवाही पर रोक लगाई।**

शामिल होकर सहयोग करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश डॉ. ज्योति बंसल की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

एस.एल.पी. में अधिवक्ता सुमेर सिंह ओला ने कहा कि एस.ओ.जी. को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने आवंटी महिला को मकान देने की बजाय 36 साल तक प्रताड़ित किया

## वर्ष 1989 में विभाग द्वारा आवंटित आवास का कब्जा पीड़िता को अब राष्ट्रीय उपभोक्ता न्यायालय ने दिलाया है

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 2 अक्टूबर । राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में आमजन को आवास मिलना कितना मुश्किल है, भारी भ्रष्टाचार और कितने ही अफसरों की तानाशाही झेलनी पड़ती है, इसका "उत्कृष्ट उदाहरण" अब सामने आया है। सरला जैन ने वर्ष 1988 में एचआईजी श्रेणी (उच्च आय वर्ग) में 60 हजार रु. की पूरी रकम एकमुश्त जमा करके जवाहर नगर स्कीम जयपुर में राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड से मकान खरीदा था। विभाग के तत्कालीन अफसरों ने सरला जैन को आवास नंबर "4 ट 24" आवंटन के लिए रिज़र्व किया था और उसे आवंटन पत्र जारी किया था, लेकिन भ्रष्टाचार और अफसरों की लालफीताशाही के चलते उन्हें 36 साल बाद भी मकान नहीं मिल सका। इस बीच अफसरों ने यह भूखंड़ उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर आवास नंबर "4 स 24" देने का वादा किया था, लेकिन बाद में यह प्लॉट भी किसी अन्य को आवंटित कर दिया गया। अब 30 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के आयुक्त और सचिव को लताड़ लगाई है। साथ ही जिला उपभोक्ता मंच और राज्य उपभोक्ता आयोग के द्वारा पीड़ित के पक्ष में दिए गए दोनों फैसलों को जायज़ ठहराया और हाऊसिंग बोर्ड की अपील खारिज कर दी है। अदालत ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि सरला जैन को जवाहर नगर स्कीम में प्लॉट नंबर "4 स 24" दिया जाये और उस आवास में किसी का कब्जा है तो उसे खाली करवाया जाये। साथ ही पीड़ित सरला जैन को 40 हजार रुपए मानसिक हानि पहुंचाने का मुआवजा देने के साथ ही 5 हजार रु. कानूनी खर्च राशि दी जाये। उल्लेखनीय है कि निचली अदालत ने 30 मार्च 2016 को पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि अगर 2 माह में पीड़ित को आवास का कब्जा और मुआवजा राशि नहीं दी गई तो राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड को उसे 9 प्रतिशत सालाना ब्याज दर के साथ यह रकम चुकानी पड़ेगी।

- **जयपुर की जवाहर नगर स्कीम में पीड़िता सरला जैन ने हाऊसिंग बोर्ड से वर्ष 1988 में आवास "4 ट 24" खरीदा था, लेकिन विभाग ने उन्हें यह आवास देने के बजाय पहले तो दूसरा आवास "4 स 24" देने का झांसा दिया, लेकिन बाद में दोनों में से एक का भी कब्जा नहीं दिया।**
- **हैरानी की बात यह है कि हाऊसिंग बोर्ड ने आवास "4 ट 24" उपलब्ध नहीं होने की बात कही थी, लेकिन यह मकान विभाग के पास वर्ष 2000 तक उपलब्ध था, जिसे 14 जून 2000 को राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल मजीद की पत्नी सीमा मतीम को आवंटित कर दिया।**
- **इससे भी ज्यादा हैरतअंगेज़ बात यह है कि, हाऊसिंग बोर्ड ने सरला जैन को दूसरा आवास "4 स 24" देने का जो वादा किया था, वह भी नहीं निभाया। पहले तो उन्हें पत्र लिखकर बताया गया कि, राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने यह आवास "हाऊसिंग कमिश्नर" के नाम पर रिज़र्व कर रखा है।**

इस मामले में याचिकाकर्ता सरला जैन की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ रांका ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने सरला जैन को 17 नवंबर 1988 को जवाहर नगर स्कीम में आवास "4 ट 24" आवंटित किया था। इसके बदले पीड़ित ने 60 हजार रु. की रकम एकमुश्त चुकाई थी। इसके बाद 20 मार्च 1989 को यह हाऊसिंग बोर्ड ने पत्र जारी करके सरला जैन को कहा कि, विभाग के पास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नड्डा 5 अक्टूबर को जयपुर रहेंगे

जयपुर, 2 अक्टूबर । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को जयपुर प्रवास पर रहेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार शाम 7 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर आएंगे। इस दौरान सांगानेर एयरपोर्ट पर नड्डा का भव्य स्वागत किया जाएगा। राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शाम 7.30 बजे से स्टेच्यू सर्किल स्थित एक होटल में जयपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से संवाद करेंगे और सदस्य बनाएंगे। भाजपा

- **वे चार्टर्ड अकाउन्टैंट्स से मुकालात करेंगे व उन्हें भाजपा का सदस्य बनायेंगे। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के जनप्रतिनिधियों से भी सदस्यता अभियान पर संवाद करेंगे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

नशा करने वाले मित्र से भले कोई कितना ही प्रेम क्यों ना करता हो, पर जब निर्भर करने का अवसर आता है तो वह भरोसा उस पर करता है जो नशा न करता हो। –शरतचंद्र

# सुरक्षा मानकों की ही जानकारी नहीं तो कैसे रुकेंगे सड़क हादसे

बात थोड़ी समझ में कम आने वाली है पर इसे सिरे से खारिज भी नहीं किया जा सकता कि देश की राजधानी दिल्ली में निवास करने वाले 90 प्रतिशत लोगों को सड़क सुरक्षा मानकों की पूरी तरह से जानकारी नही है। साल दर साल सड़क हादसों और सड़क हादसों के कारण हताहत व मौत के मुहं में समाने वालों के आंकड़े कम होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग (कैड) द्वारा अगस्त, 2023 से 31 दिसबंर 2023 तक दिल्ली में कराये गये सर्वे की रिपोर्ट तो यही कह रही है। थोडी देर के लिए सर्वे रिपोर्ट को भी अत्यधिक बढ़ा–चढ़ा कर बताई हुई मान लें तब भी सड़क दुर्घटना के आंकड़ों से तो मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। एक बात और साफ हो जाती है कि जब देश की राजधानी दिल्ली के यह हाल है तो फिर गांव कस्बावासियों में सड़क सुरक्षा मानकों का पूरा ज्ञान होने की अपेक्षा करना पूरी तरह से बेमानी होगी। कैड के संस्थापक प्रिस सिंघल की माने तो सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण लोगों को सड़क सुरक्षा मानकों की जानकारी नहीं होना है।

सरकार द्वारा भले ही लाख दावें किये जाते हों कि वाहनों के चलाने के लिए जारी होने वाले ड्राइंविंग लाइसेंस जारी करने से पहले परीक्षा ली जाती है। जांच परख कर ही लाइसेंस जारी होते हैं पर हकीकत कुछ और ही सामने आती है। कैड के दिल्ली के सर्वे में ही यह सामने आया है। सही मायने में लोगों को अधिकांश जानकारी एक–दूसरे को देखकर ही मिलती है। यही कारणा है कि नियमों की पालना के प्रति जो गंभीरता होनी चाहिए वह दिखाई ही नहीं देती। दिल्ली में ही 93 फीसदी लोगों को पता नहीं है ब्लेक स्पॉट कहां–कहां है? सड़क पर चलने वाले 67 फीसदी लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि अधिकांश लोगों द्वारा लाइसेंस लेने के लिए टेस्ट ही नहीं दिया जाता। दलालों के माध्यम से घर बैठे लाइसेंस मिल जाते हैं। ऐसे में सड़क हादसों में कमी की आश करना दिवा स्वप्न देखने की तरह ही है।

**आज जो हालात सामने हैं उसमें घर से निकलने के बाद सकुशल वापिस पहुंचना किसी उपलब्धि से कम नहीं माना जाता। एक और सड़कों की हालात, दूसरी और यातायात के बढ़के दबाव के चलते रोड रेज की घटनाएं और रही-सही कसर यातायात नियमों की पूरी जानकारी नहीं होने से सड़क हादसों में कमी होने का नाम ही नहीं लिया जा रहा है। कहा तो यहां तक जाता है कि अधिकांश लोगों द्वारा लाइसेंस लेने के लिए टेस्ट ही नहीं दिया जाता। दलालों के माध्यम से घर बैठे लाइसेंस मिल जाते हैं। ऐसे में सड़क हादसों में कमी की आश करना दिवा स्वप्न देखने की तरह ही है।**

आज जो हालात सामने हैं उसमें घर से निकलने के बाद सकुशल वापिस पहुंचना किसी उपलब्धि से कम नहीं माना जाता। एक और सड़कों की हालात, दूसरी और यातायात का बढ़ता दबाव, तीसरा युवाओं में अत्यधिक आक्रामकता के चलते रोड रेज की घटनाएं और रही–सही कसर यातायात नियमों की पूरी जानकारी नहीं होने से सड़क हादसों में कमी होने का नाम ही नहीं लिया जा रहा है। मजे की बात तो यहां तक है कि रेड लाईट पर वाहन जेब्रा क्रॉस पर ही खड़े मिलेंगे तो दूसरी और अधिकांश आम नागरिक भी सड़क पार करते समय ना तो जेब्रा क्रॉस या फुट आवेर ब्रिज का उपयोग ही नहीं करते। यह अपने आप में बड़ी लापरवाही होने के साथ ही हादसों को न्योता देने वाली स्थिति है। वाहनों में जिस तरह से लाईट लगी आने लगी है और जिस तरह से आधी लाईट को पहले काला करके रखने की सख्ती से पालना होती थी और यहां तक देखा जाता था कि पुलिस वाले या एनजीओ के लोग चौराहों पर काला कलर लेकर खड़े रहने के साथ ही स्वंय वाहन की लाईट के उपरी आधे हिस्से को काले रंग से पोत देते थे ताकि सामने वाले पर सीधे रोशनी ना पड़े और वह आसानी से देख सके कि सामने वाहन किस गति से आ रहा है। वाहनों में साइड़ में मुड़ने के पहले इंडिकेटर देने के लिए इंडिकेटर तो होते हैं पर उसके उपयोग में भी लापरवाही देखने को मिल जाती है। दरअसल देखा जाए तो आम आदमी भी सड़क सुरक्षा मानकों की पालना के प्रति उतना गंभीर नहीं दिखता जितना होना चाहिए। इसमें एक बड़ा कारण नियमों की जानकारी की कमी व अवेयरनेस की कमी होना आम है।

दर असल सड़क हादसें रोकने हैं तो हमें लोगों को जागरुक तो करना ही होगा। किसी जमाने में जब सिनेमा हॉल में कोई पिक्चर देखने जाते थे तो जागरुकता से जुड़ी सरकारी डॉक्यूमेंटरी को भी दिखाया जाता था। सामान्यत: इंटरवेल के ठीक बाद फिल्म ऐसी जागरुकता वाली डॉक्यूमेंटरी के बाद ही चलती थी। चैनलों पर आने वाले कार्यक्रमों के बीच विज्ञापनों की तरह ही जागरुकता की इस तरह की डॉक्यूमेंटरी दिखाने के लिए बाध्य किया जाएं भले ही दिन में एकाध बार ही हो तो उसका असर देखने को मिलेगा। इसके लिए लोकप्रिय धारावाहिकों या न्यूज के दौरान कुछ सेकेण्ड्स की क्लिपिंग के माध्यम से किया जा सकता है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सड़क हादसों को रोकना है, न्यूनतम स्तर पर लाना है तो सुरक्षा मानकों की जानकारी और पालना सुनिश्चित करने के लिए गंभीर होना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 3 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र दिन 3:32 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 4:24 तक, किस्तुघ्न करण दिन 1:39 तक, चन्द्रमा शुक्रवार प्रात: 5:06 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–मिथुन, बुध–कन्या, गुरू–वृष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।


आज से शारदीय नवरात्रा आरम्भ होगा। आज अग्रसेन जयन्ती और महामातामह श्राद्ध है। आज घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ समय प्रात: 6:24 से 8:45 तक है। उसके अलावा अभिजित मुहूर्त दिन 11:52 से 12:39 तक भी घट स्थापना की जा सकती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:32 तक, चर 10:48 से 12:16 तक, लाभ–अमृत 12:16 से 3:12 तक, शुभ 4:39 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:08




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**वृष**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में समय व्यतीत होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**
धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**कर्क**
परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।




**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी अभी बनी रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।



**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।



**मीन**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# समाजवाद के प्रणेता अहिंसावादी प्रथम वैश्य सम्राट महाराजा अग्रसेन



डॉ. जे.के. गर्ग

निर्विवाद रूप से किसी भी राष्ट्र या समाज एवं परिवार को उन्नत विकसित और कल्याणकारी बनाने के लिये उसके आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्तम्भों का मजबूत होना अति आवश्यक है। इन चारों स्तंभों को दृढ़ करके ही राष्ट्र को प्रगतिशील एवं विकसित देश बनाया जा सकता है। लगभग 5144 वर्ष पूर्व महाराजा अग्रसेनजी इन्हीं चार स्तंभों को मजबूत कर समद्धशाली, कल्याणकारी समाजवादी एवं शक्तिशाली राज्य का निर्माण करने में सफल हुए थे। अग्रसेन का जन्म द्वापर युग के अंत वह कलयुग के प्रारंभ में लगभग 5145 वर्ष पूर्व अश्विनशुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रताप नगर के सूर्यवंशी राजा वल्लभसेन के यहाँ हुआ था उनकी माताजी का नाम भगवतीदेवी था। प्रतापनगर राजस्थान एवं हरियाणा राज्य के बीच सरस्वती नदी के किनारे स्थित हुआ करता था।

ऐसा भी कहा जाता है कि महाराजा अग्रसेन भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की 34 व्री पीढ़ी के थे। इस मान्यता के मुताबिक अग्रवंशी भगवान राम के वंशस होते है। कहा जाता है कि महाभारत के दसवें दिन राजा वल्लभसेन वीर गति को प्राप्त हो गये थे। पन्द्रह वर्ष की अल्प आयु मे ही अग्रसेनजी ने महाभारत के धर्मयुद्ध में पांडवों की तरफ से भाग लिया था। भगवान श्रीकृष्ण भी उनकी बुद्धीमता, शोर्य, पराक्रम, समझबूझ से अत्यंत प्रभावित हुए थे और उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि युवा अग्रसेन भविष्य में एक पराक्रमी सम्राट एवं युग पुरुष होंगे।

युवा अग्रसेन ने सर्पो के राजा नागराज की बेटी राजकुमारी माधवी के स्वयंवर में अनेकों राजाओं, राजकुमारों और स्वर्ग के सम्राट इंद्रदेव के साथ भाग लिया था। स्वयंवर में राजकुमारी माधवी ने राजकुमार अग्रसेन का चयन कर उनका वरण किया। अग्रसेन माधवी के विवाह से दो विभिन्न संस्कृतियों एवं परिवारों का मिलन हुआ क्योंकि राजकुमार अग्रसेन जहाँ एक सूर्यवंशी थे वहीं राजकुमारी माधवी एक नागवंशी थी। राजकुमारी माधवी का विवाह अग्रसेन जी के साथ हो जाने से इंद्रदेव ने अपने आप को अपमानित महसूस किया और वे ईर्ष्या ग्रस्त होकर बहुत क्रोधित हुए और इन्द्र ने प्रताप नगर के निर्दोष स्त्री–पुरुषों, बालक–बालिकाओं को प्रताड़ित करने हेतु प्रताप नगर पर कई वर्षा तक बारिश नहीं होने दी जिससे प्रताप नगर में भयानक अकाल पड गया। सम्राट अग्रसेन ने अपनी प्रजा एवं प्रताप नगर की सुरक्षा और राजधर्म के पालनार्थ इंद्र के खिलाफ धर्मयुद्ध प्रारम्भ कर दिया। युद्ध में इंद्र की पराजय हुई। पराजित इंद्र ने नारदमुनि से अनुनय–विनय कर उनकी सम्राट अग्रसेन से सुलह कराने का निवेदन किया। नारद मुनि ने दोनो के बीच में मध्यस्थता करके सुलह करवा दी।

यहाँ यह स्मरण रखने वाली बात है कि महाभारत के युद्ध के कारण जन धन की बहुत तबाही हुई थी इसलिए अपने राज्य की खुशहाली के वास्ते महाराजा अग्रसेन ने काशी जाकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की जिससे खुश हो कर भगवान शिवजी ने उन्हें दर्शन दिया और उनको आदेश दिया कि वे महालक्ष्मी जी की पूजा और ध्यान करे। अग्रसेन ने महालक्ष्मी की पूजा आराधना शुरू कर दी। माँ लक्ष्मी ने उनकी परोपकार हेतु की गई तपस्या से खुश होकर उन्हें दर्शन दिए और आदेश दिया कि वे अपना एक नया राज्य बनायें और क्षत्रिय परम्परा के स्थान पर वैश्य परम्परा अपना लें। माता लक्ष्मी ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनके और उनके अनुयायियों को कभी भी किसी चीज की कमी नहीं होगी, वे सभी सदैव सुख–सुविधा युक्त जीवन व्यापन करगें। लक्ष्मी माता का आदेश मान कर अग्रेसेन महाराज ने क्षत्रिय कुल को त्याग वैश्य धर्म को अपना लिया, इस प्रकार महाराजा अग्रसेन प्रथम वैश्य सम्राट बने।

देवी महालक्ष्मी से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद राजा अग्रसेन ने नए राज्य की स्थापना एवं उस राज्य की राजधानी के चयन हेतु रानी माधवी के साथ भारत का भ्रमण किया, अपनी यात्रा के दौरान वे एक जगह रुके जहाँ उन्होंने देखा कि कुछ शेर और भेड़िये के बच्चे साथ खेल रहे थे। राजा अग्रसेन ने रानी माधवी से कहा के ये बहुत ही शुभ दैवीय संकेत है जो हमें इस पुण्य भूमि पर हमारे राज्य की राजधानी को स्थापित करने का इशारा कर रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे कालान्तर में यह स्थान अग्रोहा नाम से जाना गया। अग्रोहा हरियाणा में हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ स्थान के समान है। यहां भगवान अग्रसेन, माता माधवी और कुलदेवी माँ लक्ष्मी जी के भव्य और दर्शनीय मंदिर है।

महाराजा अग्रसेन जी के राज्य में यह परंपरा थी कि जो भी व्यक्ति या परिवार उनके राज्य में आकर बसता था, अग्रोहा के सभी निवासी नवागंतुक नागरिक को सम्मान और स्वागत के रूप में एक रुपया और एक ईंट भेंट करते थे। कहा जाता है कि उस समय अग्रोहा में लगभग एक लाख से अधिक परिवार बसते थे। इस प्रकार उनके राज्य में आने वाला हर नागरिक एक लाख रुपये तथा एक लाख ईंटों का स्वामी बन जाता था। इन रुपयों से वह अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर लेता था वहीं ईंटों से अपना खुद का मकान बना लेता था। यही परंपरा समाजवाद की ही मिसाल है निसंदेह अग्रसेन जी ने विश्व में सबसे पहले समाजवादी राष्ट्र की स्थापना की थी।

पशु बलि बंद करने वाले प्रथम सम्राट कुलदेवी माता लक्ष्मी की कृपा से भगवान अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। महर्षि गर्ग ने भगवान अग्रसेन के 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। उन दिनो यज्ञों में पशुबलि दी जाती थी। जिस समय 18 वें यज्ञ में जीवित पशुओं की बलि देने की तैयारी की जा रही थी उस वक्त एक घोडा बली के लिए लाया गया। महाराज अग्रसेन ने देखा कि घोड़े की निरीह आँखों से अविरल आंसू बह रे थे और वो निरीह पशु यज्ञ की वेदी से दूर जाने और वहां से भागने की कोशिश कर रहा था। इस दृश्य को देख कर महाराज अग्रसेन का दिल दया से भर गया और वे आहत भी हुए। उन्होंने सोचा कि ये कैसा यज्ञ है जिसमें हम मूक जानवरों की बलि चढ़ाते है? महाराजा अग्रसेन ने पशु वध को बंद करने के लिये अपने मंत्रियों के साथ विचार–विमर्श किया और अपने मंत्रिमंडल के विचारों के विपरीत जाकर उन्हें समझाया कि अहिंसा कभी भी कमजोरी नहीं होती है बल्कि अहिंसा तो एक दूसरे के प्रति प्रेम और अपनापन जगाती है। महाराजा अग्रसेन ने तुरंत प्रभाव से मुनादी करवा दी की उनके राज्य मे कभी भी कोई हिंसा और जानवरों की हत्या नहीं होगी। अग्रसेन जी अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले प्रथम महाराजा बन अहिंसा का संदेश उन्होंने भगवान बुद्ध और भगवान महावीर के अहिंसा के संदेश से 2500 साल पहले दे दिया था।

भगवान अग्रसेन ने एक तांत्रिक शासन प्रणाली के स्थान पर एक नयी प्रजातांत्रिक राज्य व्यवस्था को जन्म दिया। महाराजा अग्रसेन जी पहले शासक थे जिन्होंने सहकारिता के आदर्श को सामाजिक जीवन में प्रतिस्थापित किया। अग्रवाल के 18 गोत्र एवं उनका नामकरण हममें से अधिकांक्ष लोगों की मान्यता है कि अग्रवालों के 18 या साढ़े सत्तरह गोत्रो के नाम उनके 18 पुत्रों के नाम से रखें गये है किन्तु वास्तविकता में गोत्रो के नाम 18 यज्ञ करवाने वाले ऋषियों के नाम से है। महर्षि गर्ग ने भगवान अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि इन 18 यज्ञों को ऋषि मुनियों ने सम्पन्न करवाया और इन्हीं ऋषि–मुनियों के नाम पर ही अग्रवंश के गोत्रों का नामकरण हुआ। प्रथम यज्ञ के पुरोहित स्वयं गर्ग ऋषि बने, उन्होंने राजकुमार विभु को दीक्षित कर उन्हें गर्ग गोत्र से मंत्रित किया। इस प्रकार अग्रवालों के 18 गोत्र हैं। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को भगवान अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ भगवान द्वारा बसाई 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी में प्रचलित है। राज्य के उन्हीं 18 गणों से एक–एक प्रतिनिधि लेकर उन्होंने लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना की, जिसका स्वरूप आज भी हमें भारतीय लोकतंत्र के रूप में दिखाई पडता है। महाराजा अग्रसेन ने परिश्रम से खेती, व्यापार एवं उद्योगों से धनोपार्जन के साथ–साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर अग्रसेन जी ने वैश्य जाति को न्याय पूर्ण व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपनी प्रजा को आत्मरक्षा के लिए शास्त्रों के उपयोग की शिक्षा भी प्रदान करवाई थी। कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र विभु के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए। वर्तमान में अग्रवंशियों की संख्या लगभग आठ करोड़ है। अग्रसेन जी के वंशज आज भी उन्हीं की विचारधारा से प्रभावित होकर जनकल्याण के हितार्थ धर्मशाला, मंदिर, अनाथालय, अस्पताल पुस्तकालय, स्कूल एवं कालेज की स्थापना करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

सच्चाई तो यही है कि महाराजा अग्रसेन ने अपने विशाल परिवार को हमेशा एकता के सूत्र मे बांध कर एकजुट रक्खा। इसलिए सम्राट अग्रसेनजी ने अपने आपको एक महान एवं सफल मैनेजमेंट गुरु के रूप में स्थापित किया। महाराजा अग्रसेन ओर माता माधवी ने अपने सभी 18 पुत्रों को श्रेष्ठतम संस्कार प्रदान किये थे। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का प्रवर्तक, अहिसां के पुजारी, सुयोग्य प्रशासकएवं आदर्श मैनेजमेंट गुरु के रूप में जाना जाता है आठ करोड़ से ज्यादा अग्रवालों के लिये उनके सिद्धांत हमेशा अनुकरणीय और प्रेरक बने रहेगें। याद करने योग्य बात यह भी है सम्राट अकबर के नवरत्नों में दो नवरत्न अग्रवाल थे। अग्रसेनजी के 5145वें जन्मदिवस पर कोटि कोटि प्रणाम।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# शारदीय नवरात्र आज से, घर-घर होगी घट स्थापना

## गरबा-डांडिया की रहेगी धूम, तृतीया तिथि बढ़ने से 10 दिन के होंगे नवरात्र

**■ नवरात्र पर चुनरी, पूजन सामग्री, मनियारी, फल और बर्तन तथा कन्या पूजन का सामान बेचने वाली दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुटी रही**

**अजमेर/जोधपुर,** (कासं)। सनातन संस्कृति हिंदू धर्म में पितृपक्ष के बाद शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होती है, जोकि हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन से शुरू होते हैं। तीन अक्टूबर गुरुवार से शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ ही शहर में गरबा–डांडिया की धूम शुरू हो जाएगी। तृतीय तिथि बढ़ने से नवरात्र दस दिनों 12 अक्टूबर तक होंगे।

शारदीय नवरात्र 3 से 12 अक्टूबर तक मनाए जाएंगे। नवरात्र के पहले दिन से श्रद्धालु घरों में घट स्थापना करेंगे और 10 दिनों तक नियमों का पूर्ण विधि से पालन करते हुए मां दुर्गा की अराधना की जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर्व में श्रद्धालु उपवास रख माता के विभिन्न रूपों की पूजा करेंगे, माता की चौकी सजाई जाएगी। जौ रोपाई कर पूजा अर्चना होगी तथा अष्टमी को कंचक पूजन होगा। नवरात्र के पहले दिन शैलपुत्री की पूजा होती है। नवमी के दिन श्रद्धालु कन्या पूजन कर नवरात्र पूजन संपन्न करेंगे।

नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु चुनरी, पूजन सामग्री, मनियारी, फल और बर्तन तथा कन्या पूजन का सामान बेचने वाली दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुटी रही। त्यौहारी सीजन शुरू होने के साथ ही बाजारों में भीड़ उमड़ रही है, दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक दिख रही है।

**पांडाल में गरबा–डांडिया की मचेगी धूम :**–नवरात्रि पर इस बार भी शहर पूरी तरह उत्सव में डूबने को आतुर दिखाई दे रहा है। शहर में छोटे–बड़े पांडालों में भक्त नाचते गाते मां अंबे को रिझाएंगे। शहरवासी के साथ इवेंट आयोजक भी तैयारी जोर–शोर से कर रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर गरबा डांडिया होगा। कई जगह प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

पंडित आचार्य पवन शर्मा ने बताया कि तृतीया तिथि की वृद्धि होने के कारण शारदीय नवरात्रि 3 से 12 अक्टूबर तक दस दिनों तक होंगे। नवमी की पूजा और विजयादशमी पर्व भी एक ही दिन मनाया जाएगा। इस बार 5 एवं 6 अक्टूबर को तृतीया तिथि रहेगी। इस कारण शारदीय नवरात्रि का समापन 12 अक्टूबर को होगा और इसी दिन दशहरा भी मनाया जाएगा। अनीष व्यास ने बताया कि तृतीया तिथि 5 अक्टूबर को प्रातरू 5:31 बजे शुरू होकर अगले दिन 6 अक्टूबर सुबह 7:50 बजे तक रहेगी। यह तिथि दोनों दिन के सूर्योदय को स्पर्श करेगी। इसलिए दोनों दिन तृतीया का पूजन होगा।

**मेहरानगढ़ दुर्ग में चामुण्डा माताजी के दर्शन प्रात: सात बजे से सायं पांच बजे तक होंगे :** जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग में चामुण्डा माताजी के मंदिर में आसोजी नवरात्रा का प्रारम्भ कुंभ स्थापना के साथ गुरूवार 3 अक्टूबर की होगा। नवरात्रा में मंदिर में दर्शन की व्यवस्था प्रात: 7 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबंधक जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि सतवर्ती पाठ का संकल्प और स्थापना का मुहूर्त सुबह 1 2.15 से 1. 15 बजे के बीच का निकला है। जोधपुर राजपरिवार की इष्ट देवी मां चामुण्डा की पूजा अर्चना करने के लिए पूर्व महाराजा गजसिंह व हेमलता राज्ये उपस्थित रहेंगे। घनश्याम त्रिवेदी ब्रह्म मुहूर्त्त में मां चामुण्डा, मां कालकाजी, मां सरस्वती एवं बच्छराजजी की मूर्तियों को पवित्र जल से स्नान करायेंगे और लाल रंग की कोर तुर्रियां लगी पोषाक धारण करवायेंगे। प्रात: काल मंदिर के शिखर पर मुख्य ध्वजा चढ़ाई जायेगी और चारों दिशाओं में छोटी ध्वजाएं चढ़ाई जायेगी।

श्री चामुण्डा मंदिर के पास 'उपासनालय' कक्ष में नौ वेदपाठी ब्राह्मण स्थापना 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक दुर्गापाठ का वाचन करेंगे। नवरात्रा के अंतिम दिन से पूर्व होमाष्टमी की रात हवन प्रारंभ किया जायेगा जिसकी पूर्ण आहुति शनिवार ,12 अक्टूबर नवमी को प्रात: 10.35 से 11 बजे के बीच में गजसिंह एवं हेमलता राज्ये द्वारा की जायेगी व गज सिंह की तिलक आरती प्रात: 11.01 से 11.25 तक व नवमी को प्रात: 11.55 से 12.10 के बीच थापना जी के उत्थापना का मुहूर्त्त होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी प्रशासन के सुझावानुसार सभी व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया गया है। जयपोल के बाहर से ही एक पंक्ति में लाईनों की व्यवस्था की गई जो मंदिर तक रहेगी तथा डी.एफ.एम.डी. गेट से ही जयपोल व फतेहपोल से दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। पट्टे पर महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों के लिये आने–जाने की व्यवस्था की गई है वे वहीं से जायेंगे और वहीं से आयेगे। इसी प्रकार पुरुषों एवं युवाओं के लिये सलीम कोट से होते हुए बसन्त सागर से आने–जाने की व्यवस्था की गई है।

# 'यूरिया–डीएपी के साथ टैगिंग कर अन्य उत्पाद बेचने वालों पर कार्यवाही करें'


**■ आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल ने जिलों में कार्यरत विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का समय-समय पर निरीक्षण कर उर्वरकों के विक्रय पर निरन्तर निगरानी रखें**

**जयपुर।** राज्य में इस वर्ष अच्छा मानसून रहने के कारण फसलों की बुआई का क्षेत्रफल बढ़ने के साथ उर्वरकों की मांग भी बढ़ रही है। कृषकों को मांग के अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल ने बताया कि उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यूरिया, डीएपी, एसएसपी एवं एनपीके उर्वरको के साथ अन्य उत्पाद सल्फर, हरबीसाइट, पेसटीसाईड, सुक्ष्म तत्व मिश्रण, बायो फर्टिलाईजर आदि उत्पाद कृषकों द्वारा नही चाहने पर भी टैगिंग कर बेचे जा रहे है, जो कि अनुचित है। कृषि आयुक्त ने जिलों में कार्यरत विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का समय–समय पर निरीक्षण कर उर्वरको के विक्रय पर निरन्तर निगरानी रखते हुये उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधन के अनुसार कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी उर्वरक विक्रेताओ के पास उपलब्ध स्टॉक का पीओएस स्टॉक से मिलान कर भौतिक सत्यापान करें। जिलें में उर्वरको की कही भीं कोई कालाबाजारी एवं जमाखोरी नही हो। जिले में उर्वरकों के वितरण पर सतत् निगरानी रखते हुये जिलें के कृषकों को ही उर्वरको का वितरण करें।

# रामप्रसाद सराफ चूरू नागरिक परिषद कोलकाता के अध्यक्ष बने

**■ परिषद की वार्षिक बैठक में ताराचन्द मनोत, पवन धानुका उपाध्यक्ष, जगतसिंह बैद सचिव, भरत बैद सचिव व सुमित सेकसरिया कोषाध्यक्ष चुने गए**



**जयपुर।** चूरू मूल के कोलकाता प्रवासी अतिंद्रा ग्रुप के मुखिया रामप्रसाद सराफ चूरू नागरिक परिषद कोलकाता के नये अध्यक्ष चुने गए हैं।

परिषद की वार्षिक बैठक में ताराचन्द मनोत, पवन धानुका उपाध्यक्ष, जगतसिंह बैद सचिव, भरत बैद सचिव व सुमित सेकसरिया कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं निर्वतमान अध्यक्ष बीएल सोती बतौर आईपीपी परिषद से जुड़े रहेंगे। अध्यक्ष सराफ ने कहा कि वे कोलकाता एवं चूरू में सामाजिक सरोकारों से परिषद को और अधिक जोड़ेंगे तथा अपने कार्यकाल में सभी को जोड़ते हुए अपना अधिकतम योगदान देंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष रामप्रसाद सराफ एवं नवीन कार्यकारिणी का आईपीपी नारायण जैन, डॉ. एस.के. शर्मा, बसंत पारख, प्रकाश पारख, राजेंद्र बछावत, सुनील सारड़ा, शांतिलाल कोठारी, कांतिलाल सुराणा, पवन अग्रवाल, दीपक जैन, मंजु अग्रवाल, कुलदीप मनोत आदि ने अभिनंदन किया।

साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी प्रयास संस्थान चूरू के सचिव कमल शर्मा के मुताबिक संस्था को भूमि क्रय हेतु सराफ ने दो लाख इक्कावन रूपये की सहायता प्रदान की थी। साथ ही संस्थान की तिमाही राजस्थानी पत्रिका लीलटांस के प्रकाशन के लिए भी अस्सी हजार से अधिक राशि का आंशिक आर्थिक सहयोग किया था।

# संभागीय आयुक्त के गांधी जयंती कार्यक्रम में शामिल होने से पहले शुरू की सर्च की कार्वाई



कोटा संभागीय आयुक्त राजेन्द्र विजय का टोंक रोड स्थित मकान।



जयपुर के सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग पर आई.ए.एस. राजेन्द्र विजय का शोरूम।

- एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में कोटा संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय के चार ठिकानों पर सर्च किया।
- राजेंद्र विजय ने 25 सितम्बर को पदभार ग्रहण किया था। बीते कांग्रेस शासन में एक साल तक बारां जिले के कलेक्टर पद पर रहे।
- दौसा जिले के दुब्बी गांव में एसीबी ने मकान को सील किया।

**जयपुर।** कोटा संभागीय आयुक्त आईएएस ऑफिसर राजेंद्र विजय को बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर चंबल गार्डन में पुष्पांजलि कार्यक्रम में जाना था, लेकिन इससे पहले सुबह करीब छह बजे एसीबी की टीमें उनके सर्किट हाउस स्थित निवास पर सर्च की कार्रवाई करने पहुंच गई।

कोटा संभागीय आयुक्त आईएएस ऑफिसर राजेंद्र विजय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बुधवार को एसीबी की टीमों ने उसके जयपुर, कोटा और दौसा में चार ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया।

राजेंद्र विजय मूलतः दौसा जिले के दुब्बी गांव के निवासी हैं। बुधवार सुबह एसीबी की टीम दुब्बी में उनके घर पहुंची तो गांव में खलबली मच गई। डिप्टी एसपी नवल मीना ने कार्रवाई करते हुए उनके मकान को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान विजय के पैतृक घर पर कोई मौजूद नहीं था। ऐसे में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद सर्च की कार्रवाई होगी।

राजेंद्र विजय ने सात दिन पहले ही 25 सितम्बर को कोटा के डिविजनल कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया था। वे अभी सरकारी आवास में शिफ्ट नहीं हुए थे। वह कोटा में ही सर्किट हाउस में ठहरे हुए थे। सर्किट हाउस पर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा टीम के साथ पहुंचे। जिस समय एसीबी की टीमों ने उनके ठिकानों पर दबिश दी तब वो कोटा सर्किट हाउस में ही थे। उन्हें सुबह गांधी जयंती के अवसर पर चंबल गार्डन में पुष्पांजलि कार्यक्रम में जाना था। एसीबी की टीमों ने सुबह 6 बजे से ही अपनी कार्रवाई को अंजाम देना शुरू कर दिया था। इसकी मॉनिटरिंग खुद एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा कर रहे हैं। सभी टीमों को एक दिन पहले ही ब्रीफ कर दिया गया था। बीते कांग्रेस शासन में राजेंद्र विजय एक साल तक बारां जिले के कलेक्टर पद पर रहे। उन्हें जनवरी 2021 में बारां जिला कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया था। उसके बाद राज्य सरकार ने उनका तबादला कर दिया था। हाड़ौती में यह उनकी पहली पोस्टिंग थी और उसके बाद कोटा में सम्भागीय आयुक्त के पद पर उनकी दूसरी नियुक्ति थी।

इससे पहले कलेक्टर इंद्र सिंह राव को 9 दिसंबर, 2020 को एसीबी ने रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया था। एसीबी टीम सर्किट हाउस भी पहुंची और जांच पड़ताल की है। इसके अलावा संभागीय आयुक्त के सरकारी आवास पर भी टीम को भेजा गया। हालांकि वह अभी वहां शिफ्ट नहीं हुए हैं लेकिन एक दो बार जाकर आए हैं। उनके ऑफिस में भी जांच पड़ताल की जा रही है।

# खादी उत्पादों पर लें आकर्षक छूट का लाभ : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड परिसर स्थित खादी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

- खादी वस्त्रों की खरीद कर यू.पी.आई. से भुगतान किया

**जयपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड परिसर स्थित खादी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी देश की पहचान है। इसके उत्पाद पर्यावरण हितैषी होते हैं तथा हानिकारक रसायनों से मुक्त होते हैं। उन्होंने कहा कि खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। आमजन इस छूट का लाभ उठाते हुए खादी उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें, ताकि कतिनों एवं बुनकरों को आर्थिक संबल मिल सकें। शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खादी उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने खादी उत्पादों का क्रय कर यूपीआई माध्यम से भुगतान भी किया। मुख्यमंत्री ने परिसर स्थित राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने खादी वस्त्रों को खरीदकर यूपीआई से भुगतान भी किया। इस अवसर पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम सहित खादी संस्थान से जुड़े कार्मिक भी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने डेढ़ दशक पुराने मामले का निपटारा किया

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मेडिकल राशि के पुनर्भरण के करीब डेढ़ दशक पुराने प्रकरण का निस्तारण करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ता को चिकित्सीय इलाज में हुए खर्च का सरकारी दर पर गणना कर तीन माह में भुगतान करे। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने छह फीसदी ब्याज का भुगतान करने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश साहब सिंह की याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता जलदाय विभाग, हिंडौन में कार्यरत था। वर्ष 2007 में आपातकाल में उसे जयपुर के निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। जिसमें करीब 80 हजार रुपए खर्च हुए। याचिकाकर्ता ने बाद में इस राशि के पुनर्भरण के लिए विभाग में बिल पेश किए। जिसे सहायक अभियंता ने भुगतान की सिफारिश के साथ अधिशासी अभियंता को भेज दिए।

वहीं बिल राशि को विभाग ने यह कहते हुए देने से इनकार कर दिया कि याचिकाकर्ता ने सरकारी अस्पताल या मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में इलाज नहीं कराया है। वहीं जिस अस्पताल से याचिकाकर्ता ने इलाज कराया है, वह राज्य सरकार से अधिकृत भी नहीं है। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि इमरजेंसी में याचिकाकर्ता को इलाज कराना जरूरी था। सुप्रीम कोर्ट भी तय कर चुका है कि इमरजेंसी में कहीं भी इलाज कराया जा सकता है और पुनर्भरण राशि की गणना सरकारी अस्पताल में खर्च होने वाली राशि के आधार पर की जा सकती है। इसलिए याचिकाकर्ता को इलाज में खर्च राशि का पुनर्भरण किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को तीन माह में राशि का पुनर्भरण करने को कहा है।

# आईकोल्ड की बैठक में प्रदेश के 20 अधिकारियों ने भाग लिया

**जयपुर।** इंटरनेशनल कमिशन ऑन लार्ज डैम्स (आईकोल्ड) की 92वीं वार्षिक बैठक नई दिल्ली में 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक "डैम्स फोर पीपल, वाटर, एन्वायरमेंट एंड डवलपमेंट" विषय पर आयोजित की जा रही है, जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में बांधों की महत्वपूर्व भूमिका पर जोर देता है।

भारत मंडपम में होने वाला यह कार्यक्रम 65 से अधिक सदस्य देशों के विशेषज्ञों और हित धारकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श और अमूल्य अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिये एक साथ लाता है। राजस्थान राज्य की ओर से एक अक्टूबर को जल संसाधन विभाग के एसीएस अभय कुमार कार्यक्रम के उद्घाटन में सम्मिलित हुए तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ आईकोल्ड की थीम पर चर्चा की एवं अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में विभाग के 20 अधिकारियों ने भाग लिया।



आई.ए.एस. अभय कुमार

राजस्थान की ओर से 2 अक्टूबर को जल संसाधन विभाग के नोडल ऑफिसर और मुख्य अभियंता रवि सोलंकी ने "रोल ऑफ डैम्स एंड नीड ऑफ देयर रिहैबिलेशन इन क्लाइमेट चेंज एडेप्शन" विषय पर पेपर भी पेश किया। जिसमें सतत विकास सुनिश्चित करने के लिये एक लचीले जलवायु परिवर्तन अनुकूलन उपाय के रुप में बांधों का महत्व और उनकी सुरक्षा और परिचालन प्रदर्शन और संबंधित उपकरणों को स्थाई तरीके से बेहतर बनाने के लिये बांधों के पुनर्वास की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

# स्वच्छ भारत मिशन करोड़ों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक : नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से स्वच्छता बना जन आंदोलन : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत देश में विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन के समय स्वच्छता का संदेश दिया था जिसे आगे बढ़ाते हुए हमने देश में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। अपार जन भागीदारी से यह मिशन अब जन आंदोलन बन चुका है।

मोदी ने कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत देशभर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन 15 दिनों में 27 लाख कार्यक्रम हुए जिनमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से स्वच्छता अब जनसेवा तथा जन आंदोलन बन चुकी है तथा स्वच्छ भारत की बुनियाद पर बढ़ते हुए विकसित भारत-विकसित राजस्थान का विजन साकार किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सामाजिक सरोकारों के काम में हमेशा अग्रणी हते हैं।

उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एक पेड़ मां के नाम तथा स्वच्छता ही सेवा जैसे अभियानों से उन्होंने देश में विकास कार्यों में जनभागीदारी को एक नई दिशा दी है।


**भारती बाल मंदिर समिति**
**आयुर्वेद नर्स/कम्पा. प्रशिक्षण केन्द्र**
प्रवेश प्रारंभ Diploma in Ayush Nursing & Pharmacy में (ढाई वर्षीय) राज्य सरकार एवं राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद, जयपुर से मान्यता प्राप्त। योग्यता 12वीं उत्तीर्ण किसी भी विषय से। आवेदन की अन्तिम तिथि 14.10.2024 तक।
पता- प्राचार्य, भारती बाल मंदिर समिति आयुर्वेद नर्स/कम्पा. प्रशिक्षण केन्द्र ए-10, नया रामगढ़ रोड, जयपुर-2
8619105633


**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय ADJ साहब स्थान हिण्डौन**
**वहीद विरूद्ध अब्दुल जब्बार वाद बाबत**
**दावा वाद सं. 136/2024**

बनाम 1. अब्दुल जब्बार पुत्र गुलजार जाति मुसलमान स्थान मकान न. 97-98 राम कॉलोनी मस्जिद के पास हसनपुरा जयपुर राज., 2.गुलमोहम्मद पुत्र गुलजार जाति मुसलमान स्थान हाजी गुलमोहम्मद शेख लक्ष्मी नगर कालवाडा रोड प्लाट नं. 19,20,2,25 झोटवाडा जयपुर, 3.सत्तार पुत्र हमीद जाति मुसलमान राजीव कॉलोनी ट्रक यूनियन मस्जिद के पास मकान नं.157 गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर, 4.रसीद पुत्र हम्मीद जाति मुसलमान संजय नगर गलि नं. 15 शमशान के पास कोटा जंक्शन, 5.सहीद पुत्र सफीक जाति मुसलमान नि. भैंसा तह. टोडाभीम पट्टी खुर्द मस्जिद के पास, 6.शरीफ पुत्र रफीक जाति मुसलमान गली नं. 12 शमशान के पास संजय नगर कोटा जंक्शन, 7.रसीदन वेवा पुत्र रफीक जाति मुसलमान पर्वत कॉलोनी आवागढ ट्रांसपोर्ट नगर आर.के. केयर सेंन्टर के पास मकान नं. 194 जयपुर, 8.रजिया पुत्री रफीक पत्नि सद्दीक जाति मुसलमान वर्तत कॉलोनी आवागढ ट्रांसपोर्ट नगर आर.के. केयर सेंटर मस्जिद के पास मकान नं. 194 जयपुर, 9.राविया उर्फ कज्जो पुत्री रफीक पत्नि अजीज जाति मुसलमान पता आदर्श कॉलोनी कोटा बार रोड पुलिस थाने के आगे की गली मस्जिद के पास अन्ता बारां, 10.अनीता उर्फ पतली पत्नि रहिश पुत्री रफीक जाति मुसलमान पता पर्वतपुरी गुणी कॉनोनी आवागढ ट्रांसपोर्ट नगर मकान नं. 135/136 जयपुर, 11.रफीका उर्फ नोनी पुत्री रफीक पत्नि रसीद जाति मुसलमान पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अन्ता जिला बारां राज., 12. अब्दुल सलीम पुत्र ईसाक जाति मुसलमान पता कुतकपुर तह. हिण्डौन, वादी ने आपके विरूद्ध दावा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय मं तारीख 15 माह 10 सन् 2024 को दिन में 10AM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्ज व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 23 माह 9 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मुहर) आज्ञा से
रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन, जिला करौली

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4**

न्यायालय ADJ साहब स्थान हिण्डौन वहीद विरूद्ध अब्दुल जब्बार वाद/प्रार्थना-पत्र प्रार्थना-पत्र संख्या 108/2017 सन् नाम 1.अब्दुल जब्बार पुत्र गुलजार जाति मुसलमान पता मकान नं. 97-98 रूप कॉलोनी मस्जिद के पास हसनपुर जयपुर राज.,2. गुल मोहम्मद पुत्र गुलजार जाति मुसलमान पता हाजी गुलमोहम्मदशेख लक्ष्मीनगर कालवाड रोड, प्लाट नं. 19,20,2,25 झोटवाडा जयपुर, 3.सत्तार पुत्र हमीद जाति मुसलमान पता राजीव कॉलोनी ट्रक यूनियन मस्जिद के पास मकान नं. 157 गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर, 4. रसीद पुत्र हम्मीद जाति मुसलमान पता संजय नगर गली नं. 15 शमशान के पास कोटा जंक्शन राज.,5. सहीद पुत्र सफीक जाति मुसलमान पता भैसा तहसील टोडाभीम पट्टी खुर्द मस्जिद के पास, 6. शरीफ पुत्र रफीक जाति मुसलमान पता गली नं. 12 शमशान के पास संजयनगर कोटा जंक्शन राज.,7.रसीदन वेवा पत्नि रफीक जाति मुसलमान पता पर्वत कॉलोनी आवागढ ट्रांसपोर्ट नगर आर.के. केयर सेन्टर के पास मकान नं. 194 जयपुर,8. रजिया पुत्री रफीक पत्नि सद्दीक जाति मुसलमान पता वर्तत कॉलोनी आवागढ ट्रांसपोर्ट नगर आर.के. केयर सेंटर मस्जिद के पास मकान न.194 जयपुर, 9.राविया उर्फ कज्जो पुत्री रफीक पत्नि अजीज जाति मुसलमान पता आदर्श कॉलोनी कोटा बार राड पुलिस थाने के आगे की गली मस्जिद के पास अन्ता बारां, 10.अनीता उर्फ पतली पत्नि रहिश पुत्री रफीक जाति मुसलमान पता पर्वतपुरी गुणी कॉनोनी आवागढ ट्रांसपोर्ट नगर मकान नं. 135/136 जयपुर, 11. रफीका उर्फ नोनी पुत्री रफीक पत्नि रसीद जाति मुसलमान पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अन्ता जिला बारां राज., 12. अब्दुल सलीम पुत्र ईसाक जाति मुसलमान पता कुतकपुर तह. हिण्डौन उक्त सायलान ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 15 माह 10 सन् 2024 को 10 ए.एम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 23 माह 9 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

(मुहर) आज्ञा से
रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन, जिला करौली

**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर**
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक म.जो./नगनि/2024/3164 दिनांक:- 30/09/24

**सार्वजनिक सूचना** भूखण्ड सं. बी-89A, 4 ई ब्लाक बी विस्तार, मुरलीपुरा (मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजेश कुमार शर्मा को क्षेत्रफल 360 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण मे आवेदक श्री भारत राज शर्मा पुत्र श्री राजेश कुमार शर्मा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग) पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य चैन दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध करायें गये दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्री भारत राज शर्मा पुत्र श्री राजेश कुमार शर्मा के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 194 वर्गगज का नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त मुरलीपुरा जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुधीर गुलाटी पुत्र श्री खेमन्द गुलाटी निवासी प्लाट नं. 5-घ-6 जवाहर नगर, राम लीला मैदान के सामने जयपुर राजस्थान का हूँ मेरा पुत्र साहिल गुलाटी आयु 31 वर्ष जो कि जनवरी 2024 से किसी भी प्रकार से मेरे कहने में नहीं है मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से माह जनवरी 2024 में मौखिक रूप से बेदखल कर दिया था जिसकी तहरीरी रूप से आज घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र से माह जनवरी 2024 से व भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर सुधीर गुलाटी
दिनांक मो. 8829011454


**खोया पाया**
नवजीवन ग्रह निर्माण सहकारी समिति की योजना दादीबाडी, चोमू रोड के भूखंड संख्या 58 का सोसाइटी द्वारा जारी रसीद व 09.03.2009 को सब रजिस्टार जयपुर पंचम द्वारा रजिस्टर्ड जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें।
अमजद-9414062075

**नाम परिवर्तन**
मैं मान्यता पुत्री श्री विनोद सिंह, मिल्कीपुरा ढिंढोरा करौली राजस्थान 322236 ने अपना नाम बदलकर मान्यता सिंह तंवर रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मै आर्मी नं.JC-453532P Sub Sanjeev Singh of Unit 24 Grenadiers मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरी माता का नाम Darsena Devi है जो कि गलत है मेरी माता का सही नाम Darshana Devi है।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील पावटा जिला जयपुर**
क्रमांक-भू.अ./24/2706 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक-4/9/24

प्रार्थी श्री गोविन्द सिंह गोपाल सिंह जाति राजपूत निवासी प्रागपुरा तहसील पावटा जिला जयपुर द्वारा इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि श्री रामसिंह पुत्र सोहन सिंह जाति राजपूत निवासी प्रागपुरा तहसील पावटा जिला जयपुर जो प्रार्थी के दादा है ने अपने जीवनकाल में दिनांक 06.09.2019 को आराजी खसरा नम्बर 269,1969/264 मौजा प्रागपुरा की वसीयत मेरे पक्ष में निष्पादित की थी। मूताबिक वसीयत के प्रार्थी के नाम नामान्तकरण दर्ज किया जावें। प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रकरण अन्तर्गत धारा 135 (2) राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इस कार्यालय में विचाराधीन है। प्रकरण के संबंध में हितबद्ध एवं प्रभावित पक्षकार अपना पक्ष उक्त विज्ञप्ति जारी होने के 10 कार्यालय दिवस में स्वयं या अपने प्लीडर के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्रकरण के संबंध में विधि अनुसार निर्णय पारित कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

तहसीलदार, तहसील-पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड

**कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)**
क्रमांक- न.पा.मा./24-25/2318 दिनांक-01.10.2024

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया शर्मा पत्नि सत्यनारायण शर्मा निवासी आजाद चौक मालपुरा जिला टोंक द्वारा भूखण्ड साईज पूर्व से पश्चिम 31 फीट, उत्तर से दक्षिण 40 फीट कुल 137.77 वर्गगज जो कि वार्ड नं. 19 सूर्य मंदिर के पास नई नगरी मालपुरा में स्थित है की निर्माण स्वीकृति चाहने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेजात प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उज्र हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजर जाने मियाद किसी का कोई उज्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूति रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मालपुरा

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पलसाना (सीकर)**
E-mail: kums.alsana@rajasthan.gov.in
क्रमांक-339-53 दिनांक-23/09/2024

**संशोधित सूचना**

मण्डी समिति पलसाना द्वारा भूखण्ड आवंटन हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक 221-234 दिनांक 01.08.2023 में संहवन से मण्डी क्षेत्र की अनुज्ञापत्रधारी तेल मिल एवं अन्य कृषि जिन्स प्रसंस्करण ईकाई तथा बिन्दु संख्या 2 में मण्डी समिति के ऐसे अनुज्ञापत्रधारी अंकित हो गया है।

अतः इनकी जगह केवल अनुज्ञापत्रधारी तेल मिल एवं अन्य कृषि जिन्स प्रसंस्करण ईकाई पढ़ा जावें तथा बिन्दु संख्या 2 में मण्डी समिति के शब्द को नहीं पढ़ा/माना जावें।

(सुमन कुमारी) सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
पलसाना (सीकर)

# डॉ. सतीश पूनिया का अपेंडिक्स का रोहतक में सफल ऑपरेशन हुआ

- दो महीने से अधिक समय से हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुटे हैं पूनिया
- भाजपा केंद्रीय नेतृत्व से लेकर हरियाणा एवं राजस्थान प्रदेश नेतृत्व ने सतीश पूनिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की



भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का मंगलवार देर रात को रोहतक (हरियाणा) में अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन हुआ।

**रोहतक।** विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के विजय संकल्प अभियान में दो महीने से अधिक समय से निरंतर अथक परिश्रम कर रहे। भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का मंगलवार देर रात को रोहतक (हरियाणा) में अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन हुआ।

गौरतलब है कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार हरियाणा भाजपा संगठन प्रभारी सतीश पूनियां 2 महीने से अधिक समय से हरियाणा विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पूरे हरियाणा प्रदेश में प्रवास, बैठकें और सभाओं के माध्यम से भाजपा के विजय संकल्प अभियान में जुटे हुये हैं। इस बीच मंगलवार रात को सतीश पूनिया के पेट में अचानक तेज दर्द हुआ। जहां उन्हें रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच में उन्हें अपेंडिक्स होने की जानकारी सामने आई, ऐसे में चिकित्सकों ने देर रात अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन किया। अब चिकित्सकों की सलाह के अनुसार सतीश पूनिया कुछ दिन स्वास्थ्य लाभ पर रहेंगे। ऐसे में वह अस्पताल से ही दूरभाष के माध्यम चुनाव प्रबंधन में जुटे हुए हैं और आगामी दिनों में वह जयपुर आकर पूर्णतः स्वस्थ होने के बाद राजस्थान एवं हरियाणा के कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच सदैव की तरह उपस्थित रहेंगे। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व से लेकर भाजपा हरियाणा एवं भाजपा राजस्थान प्रदेश नेतृत्व एवं अन्य पार्टियों के नेताओं ने सतीश पूनिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं चुनाव सह प्रभारी विप्लव देव, हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडोली, सह प्रभारी सुरेंद्र नगर, भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सुमित गोदारा सहित प्रदेश के तमाम विधायकों, सांसदों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सतीश पूनिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मुख्यमंत्री ने नवरात्रा स्थापना पर शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवरात्रा स्थापना (3 अक्टूबर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि शारदीय नवरात्र का यह पर्व हमें मातृ शक्ति की आराधना की प्रेरणा देता है। इस पावन अवसर पर हम सभी समाज में लिंग भेद तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को समाप्त करने, महिलाओं का सम्मान करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लें, जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण हो सके और देश प्रगति के नए कीर्तिमान बना सके।

# पैंथर को गोली मारने हैदराबाद से शार्प शूटर गोगुंदा पहुँचा

## राजस्थान के 12 शूटर पहले ही आदमखोर पैंथर की तलाश में पूरे इलाके में तैनात हैं

- **हैदराबाद के शार्प शूटर नवाब शाफत अली खान सुबह 11:30 बजे गोगुंदा पहुँचे। वन अधिकारियों से चर्चा के बाद डेढ़ बजे वे शूटर टीम के साथ जंगल निकल गये।**
- **वन विभाग, पुलिस, सेना व ग्रामीणों की 10 टीमें सर्च ऑपरेशन लगी है। क्षेत्र के थानों के थानाधिकारी भी इस ऑपरेशन में शामिल हैं।**

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर के गोगुंदा में आदमखोर पैंथर को मारने के लिए हैदराबाद से शूटर को बुलाया गया है। वर्तमान में राजस्थान के 12 शूटर पैंथर की खोज में जुटे हैं। वन विभाग ने पैंथर को देखते ही गोली मारने के निर्देश दिए हैं।

गोगुंदा के गांवों में एक के बाद एक हुए आदमखोर पैंथर के हमलों से पूरा इलाका खौफ में है। पिछले 14 दिनों में आदमखोर पैंथर ने 8 लोगों को अपना शिकार बनाया है। पैंथर ने 1 अक्टूबर को गोगुंदा के केलवों का खेडा गांव में घर के बाहर काम कर रही महिला को मार डाला था। इसके बाद राजस्थान वन्य जीव विभाग के प्रधान मुख्य संरक्षक, पवन कुमार उपाध्याय ने पैंथर को देखते ही गोरी मारने के आदेश जारी किए थे।

अब प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हैदराबाद के शार्प शूटर को बुलाया है। बुधवार को सुबह 11.30 बजे हैदराबाद के शूटर, नवाब शाफत अली खान गोगुंदा पहुंचे। उन्होंने राठौड़ों का गुडा गांव के स्कूल में वन विभाग के अधिकारी सुनील छिद्री व अजय चित्तौड़ा से घटनाओं की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे बाद, शूटर टीम के साथ जंगल के लिए निकले। हर टीम में दो शूटर तथा 10 टीमों में 90 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लोग सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं। इनमें वन विभाग के कर्मचारी, पुलिस, सेना के जवान और ग्रामीण शामिल हैं। पुलिस की टीम भी हथियारों के साथ तैनात है। लाठी और अन्य औजार लेकर ग्रामीण भी टीम के साथ पैंथर सर्च में सहयोग कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही सर्च ऑपरेशन चल रहा है। उदयपुर शहर के अंबामाता थानाधिकारी डॉ. हनुवंत सिंह राजपुरोहित, सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह, गोगुंदा थानाधिकारी शैतानसिंह भी वन विभाग की टीम के साथ इस ऑपरेशन में शामिल हैं। शिक्षा विभाग के गोगुंदा ब्लॉक से भी निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश में सात बिंदु अंकित किए गए हैं और कहा गया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए इन बिदुओं पर ध्यान दिया जाए।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोगुंदा, प्रेरणा नौसालिया ने बताया कि पैंथर के लगातार हमलों के बाद हमने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे बच्चों को सीख दें कि वे समूह में ही स्कूल आएं और घर जाएं तथा सुनसान जगह पर अकेले नहीं जाएं। प्रार्थना सभा में बच्चों को जानवर और खासकर पैंथर की घटनाओं को लेकर सावचेत रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज उदयपुर में

**उदयपुर, (निसं)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू गुरुवार और शुक्रवार को उदयपुर, सिरोही और बांसवाड़ा की यात्रा पर आएंगी। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि राष्ट्रपति 3 अक्टूबर की सुबह वायुयान से उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वे यहां से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय आएंगी और विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू इसी दिन अपराह्न एयरपोर्ट पहुंचकर वायुमार्ग से मानपुर आबूरोड़ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी। वहां विविध कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात रात्रि विश्राम माउंट आबू में रहेगा। अगले दिन दोपहर मानगढ़ धाम बांसवाड़ा पहुंच कर विविध कार्यक्रमों में भाग लेंगी। वहां से शाम को उदयपुर पहुंच कर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने राष्ट्रपति एवं राज्यपाल की गुरुवार को प्रस्तावित उदयपुर यात्रा एवं कार्यक्रम आयोजन को लेकर की गई तैयारियों को जायजा लिया। इस अवसर पर यूडीए आयुक्त राहुल जैन, भूमि अवाप्ति अधिकारी कीर्ति राठौड़, डीएसओ मनीष भटनागर, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियंता निशा व्यास सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराव सूरजमल हाड़ा की छतरी तोड़ने पर राजपूत समाज में आक्रोश

## श्री राजपूत करणी सेना गंगापुर सिटी व राजपूत समाज ने जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया



श्री राजपूत करणी सेना गंगापुर सिटी व राजपूत समाज ने जिला कलेक्टर के पीए को ज्ञापन दिया।

- **छतरी को कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा गत 20 सितंबर को एयरपोर्ट निर्माण के लिए ध्वस्त कर दिया गया था**

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** कोटा में बूंदी महाराव सूरजमल हाड़ा की 600 साल पुरानी छतरी को तोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस संबंध में बुधवार को श्री राजपूत करणी सेना गंगापुर सिटी व राजपूत समाज ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

श्री राजपूत करणी सेना और राजपूत समाज के लोगों ने बताया कि पूर्व बूंदी महाराव सूरजमल हाड़ा की बूंदी जिले के तुलसी गांव में लगभग 600 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक छतरी बनी हुई है और इस छतरी को कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा गत 20 सितंबर को एयरपोर्ट निर्माण के लिए ध्वस्त कर दिया गया है जो कि एक निंदनीय कृत्य है। बूंदी रियासत के शासक महाराव सूरजमल हाड़ा की स्मृति में निर्मित अमूल्य ऐतिहासिक छतरी केवल राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों के लिए भी श्रद्धा का केन्द्र रही है। ऐसी ऐतिहासिक धरोहर को नष्ट किया जाना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इससे सर्व समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। यह जन आस्था का केंद्र है व स्थानीय लोग उन्हें देवताओं की तरह पूजते है, ऐसी जन आस्था और ऐतिहासिक छतरी को तोड़ना एक गैर जिम्मेदाराना हरकत है। जिससे प्रदेश के सभी समाजों की जन भावना आहत हुई है।

उन्होंने महाराव सूरजमल हाड़ा की छतरी को ध्वस्त करने का अपराध करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, उक्त छतरी को पूर्ण सम्मान के साथ उसके उसी स्थान पर पुनः निर्मित करने, जिस हवाई अड्डे के लिए उक्त छतरी तोड़ी गई है, उसका नामकरण महाराव श्री सूरजमल हाड़ा के नाम से करवाने की मांग की। साथ ही उन्होंने सरकार से उक्त मामले को गंभीरता से लेकर जनभावनाओं को देखते हुए इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की और भविष्य में इस तरह ऐतिहासिक धरोहरों के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जाए, इसका भी ध्यान रखा जाए।

ज्ञापन देने के दौरान श्री राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, कृष्णपाल जादौन, तहसील अध्यक्ष दीपूसिंह, नीरज सिंह, रघुनन्दन सिंह, विक्रमपाल सिंह , महेशपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह, नरेन्द सिंह, प्रध्युमन सिंह, कैप्टेन गोपाल सिंह, जीतेन्द्र परमार, कुलदीप सिंह राठौर एवं राजपूत समाज के अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जोधपुर पहुंचकर पूर्व विधायक एवं भाजपा की वरिष्ठ नेता सूर्यकांता व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 50 बच्चों से भरी निजी स्कूल की बस पलटी, दो घायल

- **बस के आगे गाय आने से संतुलन बिगड़ गया था**

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़-हिसार एनएच-52 पर कस्बा राजगढ़ के गुलपुरा मोड़ बाइपास पर बुधवार सुबह करीब सात बजे के आसपास एक निजी स्कूल की बस अचानक से पलटी खा गई। घटना के दौरान बस बच्चों से भरी हुई थी, लेकिन गनीमत ये रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। हालांकि दो बच्चों को मामूली चोटें लगी। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

वहीं घटना की मिली सूचना पर राजगढ़ थाने के हैड कास्टेबल राजकुमार मय टीम के मौके पर पहुंचे, जहां घटना की जानकारी ली तथा दो घायल मामूली चोटों से घायल गांव सुरतपुरा निवासी कक्षा 12वीं के दोनों विद्यार्थियों को श्रीनाथजी अस्पताल राजगढ़ में पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। हैड कास्टेबल राजकुमार ने बताया कि एक निजी स्कूल की बस गांव सुरतपुरा, मधाऊ व लसेड़ी गांव के बच्चों को लेकर राजगढ़ के निजी स्कूल में आ रही थी। उसी दौरान जैसे ही बस एनएच 52 गुलपुरा मोड बायपास के आसपास पहुँची तो अचानक से बस के आगे गाय आ गई, जिसको बचाने के लिए जैसे ही बस के चालक ने बस के ब्रेक लगाये तो बस का संतुलन बिगड़ गया तथा बस पलटी खा गई, लेकिन गनीमत ये रही कि किसी प्रकार की बडी जनहानि नहीं हुई। बस में करीब 50-51 बच्चे सवार थे, जिनमें दो बच्चों को लगी मामूली चोटें लगी। देर शाम तक इस संबंध में किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## जेल से तीन बंदियों ने भागने की कोशिश

**बीकानेर, (निसं)।** केन्द्रीय कारागृह में तीन आरोपियों ने बैरक की दीवार में सुराख कर भागने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षाकर्मी की सजगता के चलते तीनों आरोपियों को भागने से से पहले ही दबोच लिया गया। तीनों आरोपी चोरी के मामले में जेल में बंद थे।

बीछवाल थानाधिकारी गोविंदसिंह चारण ने बताया कि जेल प्रहरी अनिल कुमार ने बताया है कि बीती रात (मंगलवार रात) को केंद्रीय जेल के वार्ड नंबर 8 के बैरक नंबर 30 में बंद तीन आरोपी ने बैरक की खिड़की के नीचे लगी ईंटों को निकालकर दीवार में सुराख बनाकर बैरक से भागने का प्रयास किया।

इस दौरान सुरक्षाकर्मी की नजर उन पर पड़ गई, जिसके बाद सभी सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट कर इन आरोपियों को तलाशा गया। फिर तीनों आरोपी हाजी, नूर नबी और मोहम्मद सलाम को पकड़ लिया गया। तीनों आरोपी टिब्बी, हनुमानगढ़ जिले के रहने वाले हैं, जिन्हें पूगल थाना पुलिस ने चोरी के मामले में केंद्रीय जेल भिजवाया था। प्रहरी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## फर्जी डॉक्टरों के मामले के डीडवाना से भी जुड़े तार

**डीडवाना, (निसं)।** राजस्थान में फर्जी दस्तावेजों के जरिए आरएमसी में रजिस्ट्रेशन करवा कर फर्जी डॉक्टर बनाने के मामले के तार डीडवाना से भी जुड़ रहे हैं। जांच में सामने आया है कि फर्जी तरीके से डॉक्टर बनी एक महिला डीडवाना में निजी सोनोग्राफी सेंटर चला रही थी। यह सोनोग्राफी सेंटर जिले के सबसे बड़े बांगड़ राजकीय जिला अस्पताल के सामने संचालित हो रहा था, जहां फर्जी महिला डॉक्टर धड़ल्ले से महिलाओं की सोनोग्राफी कर रही थी।

इस मामले का खुलासा होने के बाद चिकित्सा विभाग हरकत में आया है और जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक सीएमएचओ डॉक्टर अजीत बलारा ने आज इस सोनोग्राफी सेंटर को सीज कर दिया। बलारा चिकित्सा विभाग की टीम के साथ केंद्र पर पहुंचे और किराए के भवन में संचालित हो रहे इस सोनोग्राफी सेंटर पर ताला लगाकर उसे सीज कर दिया। लेकिन विभाग की इस कार्रवाई से पूर्व ही कथित महिला डॉक्टर गीता कुमारी सोनोग्राफी सेंटर से फरार हो गई और चिकित्सा विभाग की टीम को मौके पर कोई भी डॉक्टर या कार्मिक नहीं मिला। ब्लॉक सीएमएचओ ने बताया कि इस मामले की जांच जारी है और विभागीय स्तर पर दिशा निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किए बिना ही 12वीं पास लोगों को डॉक्टर बनाने के मामले में हुए खुलासा के बाद चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया है। इस मामले में जिन 8 फर्जी डॉक्टरों का खुलासा हुआ था, उनमें से एक महिला गीता कुमारी डीडवाना में सोनोग्राफी सेंटर चला रही थी। इससे पहले वह करौली के एक अस्पताल में भी प्रैक्टिस कर चुकी है। अब इस मामले में सरकार ने एक्शन लेते हुए एसीबी को जांच सौंपी है।

साथ ही आरएमसी से रजिस्ट्रार समेत तीन अधिकारियों को भी सस्पेंड किया गया है। वहीं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने आईएमसी के इस गड़बड़ी को स्कैम कर दिया है। साथ उन्होंने कहा कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और किसी को भी नहीं बक्शा जाएगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो जनों की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** गोगुन्दा कस्बे में कार बाइक को चपेट में लेते हुए खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई तथा कार में सवार पांच जने घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर मंगवलार को गोगुंदा थाना क्षैत्र गोगुंदा जसवंतगढ़ रोड़ पर कृष्ण कन्हैया होटल के समीप कार बाइक को चपेट में लेने के बाद करीब पन्द्रह फीट खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार जसवन्तगढ़ निवासी गोपीलाल (60) पुत्र रूपलाल एवं फतहपुर खमनोर निवासी मोहनसिंह पुत्र उदयसिंह की मौत हो गई तथा कार चालक बारना रायसेन एमपी निवासी आशीष पटेरिया (32) पुत्र राजेन्द्र कुमार, चन्द्रप्रकाश (32) पुत्र हरिओम मुदगल श्योपुर एमपी, अंजपी पतनीआशिष तथा प्रेरणा पुत्री चेतन्य भार्गव निवासी गुनाराजगढ एमपी तथा लियाना पुत्री आशीष गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिक्तिसालय में भर्ती करवाया।

गोपीलाल व मोहनसिंह दोनों बाइक पर गोगुन्दा से जसवंतगढ़ जा रहे थे। सूचना मिलने पर नन्दलाल एएसआई ने मौके पर पहुंच कर मृतकों को मोर्चरी में रखवाया तथा घायलों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल चरणसिंह ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। कार पिण्डवाड़ा से गोगुन्दा की तारफ आ रही थी।

# शातिर ठगों ने सेना के जवान को शिकार बनाया

## प्रॉफिट का झांसा देकर 5.43 लाख रुपए हड़पे

- **210 रु. ट्रांसफर कर झांसे में लिया, मुकदमा दर्ज**

**अजमेर, (कासं)।** एक ओर जहां पुलिस अपने आपको हाईटैक बनाने में लगी हुई है तो वहीं दूसरी ओर शातिर आए दिन नए-नए तरीके इजाद कर साइबर ठगी की वारदातें अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया। भारतीय सेना में कार्यरत अजमेर निवासी जवान से शातिर ठगों ने रेस्टोरेंट में रिव्यू के अलग-अलग टास्क देकर झांसा में लेकर 5 लाख 43 हजार रुपए हड़प लिए। पीड़ित सैनिक वर्तमान में असम में तैनात है। पीड़ित ने अजमेर एसपी के जरिए साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर थाने के सब इंस्पेक्टर मनीष ने बताया कि किशनगढ़ निवासी जितेंद्र यादव ने शातिर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह 2012 से भारतीय सेना में असम में कार्यरत है। 10 सितंबर को फोन कॉल आया और एक व्हाट्सऐप पर मैसेज मिला था, जिसमें उसे रेस्टोरेंट में डेमो रिव्यू और 5 स्टार नंबर देने पर प्रॉफिट का झांसा दिया गया, टास्क पूरा करने पर उसे उसके अकाउंट की जानकारी ली गई। बाद में उसे अन्य टास्क के लिए टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ दिया।

पीड़ित ने बताया कि शातिर ठग ने उसे डीसीएक्स डिजिटल मार्केटिंग कंपनी टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया। इस बीच उसे उसके पुराने टास्क के 210 रुपए ट्रांसफर कर अपने झांसे में ले लिया। बाद में ठगों ने उसे अलग-अलग टास्क दिए थे। जिसके स्क्रीन शॉट वह हर ग्रुप के एक प्रतिनिधि को भेजता था। हर टास्क को कंप्लीट करने से पहले उससे भी पैसे लिए जाते और बाद में उसे डबल करके दिए जाते थे। पीडित् ने बताया कि बाद में उसे हर टास्क के नाम पर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए पैसा लिया गया। झांसे में लेकर लाखों रुपए हड़प लिए। जब उसने अपना पैसा मांगा तो उसे क्रेडिट स्कोर 80 पॉइंट बताया और कहा कि 100 पॉइंट होने पर ही उसे उसका भुगतान किया जाएगा, जिससे पीड़ित को अपने साथ ठगी महसूस हुई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि करीब 5 लाख 43 हजार रुपए ठगों ने उसे हड़प लिए। साइबर थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेत पर काम कर रही महिला को सांप ने काटा



महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर एसएमएस अस्पताल रेफर किया।

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के हंसराज तिराहा निवासी एक महिला को कोबरा सांप ने ढस लिया, जिससे वह घायल हो गई। जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया व महेश जड़वाल ने बताया कि हंसराज तिराहा निवासी बनारसी यादव पत्नी राजेन्द्र यादव जो कि सुबह छः बजे खेत में कार्य कर रही थी कि अचानक उसे कैरेत (कोबरा) सांप काट लिया, जिसको तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया तो प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर एसएमएस अस्पताल के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

इसी दौरान सांप पकड़ने वाले शाहरुख खान तोपचीवाडा को बुलाया गया। उसने सांप को रेस्क्यू कर एक प्लास्टिक के पारदर्शी डिब्बे में बंद कर एसएमएस अस्पताल लेकर गए, जिससे इलाज होने में डॉक्टरों को सुविधा हो गई।

# फरार चल रहा शातिर नकबजन राजू मोग्या गिरफ्तार

## पूर्व में गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** मित्रपुरा थाना पुलिस ने चार माह से फरार चल रहे शातिर नकबजन राजू मोग्या को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इस गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- **जून माह में मझेवला गांव में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था**

मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश यादव, पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा के सुपरविजन में मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने चार माह से फरार चल रहे शातिर नकबजन गैंग के मुख्य आरोपी राजू मोग्या को गिरफ्तार किया है। इस गैंग ने 8 जून को रात्रि में मझेवला गांव के अंदर घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।




मित्रपुरा थाना पुलिस ने शातिर नकबजन राजू मोग्या को गिरफ्तार किया है।

मुख्य वांछित आरोपी राजू मोग्या को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। इससे अनेक वारदातें खुलने की संभावना है। इस गैंग के खिलाफ मध्य प्रदेश व राजस्थान के कई थाना में अनेक मामले दर्ज हैं। इससे पूर्व गैंग के जीतू उर्फ बूचरया, रिंकू मोग्या व मोहन उर्फ मोनू उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य आरोपी राजू मोग्या निवासी मदनपुर (अगरा) थाना बर्घावा जिला जिला शोपुर मध्य प्रदेश है।

## परिवार के तीन घरों से 15 लाख के जेवर सहित नगदी चोरी

- **चोरों ने घरों के अंदर सोए लोगों के कमरों के गेटों को बाहर से रस्सियों से बांध दिया था**

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर स्टेट हाईवे पर स्थित गांव बिडयारी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में एक ही परिवार के तीन घरों पर धावा बोल कर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पार क चंपत हो गए। पीड़ितों की माने तो अज्ञात चोर तीनों घरों से करीब 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व करीब 1.20 लाख की नकदी को चोरी कर ले गए हैं।

चोरों ने अपने घरों के अंदर सोए लोगों के कमरों के गेटों को बाहर से रस्सियों से बांध दिया था ताकि जगार होने पर उनमें सोए लोग कमरों से बाहर आसानी से नहीं आ सके। खटपट की आवाज से जागी एक महिला व उसकी बेटी ने शोर शराबा किया। जिसे सुनकर परिवार के अन्य लोग व पड़ोसी मौके पर पहुंचे और कमरों की रस्सियां खोलकर पीड़ित परिजनों को कमरों से बाहर निकाला और सभी ने खेतों में चोरों की तलाश की। जिनका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर बयाना से पुलिस भी पहुंची। गांव बिड़यारी निवासी पीड़ित देवेश जाटव ने पुलिस में दी रिपोर्ट में बताया है कि उसका व भाई संजय जाटव और चाचा बलवीर के घर पास पास बने हैं। बीती रात्रि को तीनों के घरों में घुसे अज्ञात चोर करीब 15 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरातों व 1 लाख 20 हजार नगद एवं पानी की मोटर आदि सामान को चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी का सुराग लगाने के प्रयास शुरू किए हैं।

# स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य पर जयपुर ग्रेटर निगम सहित 15 निकायों का सम्मान

## नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अवार्ड देकर सम्मानित किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । स्वच्छता ही सेवा अभियान इस वर्ष 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक पूरे राज्य में चलाया गया। जिसका राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम बुधवार को राष्ट्रिपता महात्मा जी की जयंती पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य शासन विभाग एवं जयपुर नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और विशिष्ट अतिथि नगर निगम ग्रेटर मेयर डॉ सौम्या गुर्जर उपस्थित रहीं व कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने की।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य की नगरीय निकायों द्वारा शहरी क्षेत्र में 7000 से ज्यादा अपेक्षित कचरा पॉइंट्स की सफाई की गई। पखवाड़े में 2618 जन भागीदारी के कार्यक्रम जैसे स्वच्छता शपथ, स्वच्छता संवाद, हैरिटेज वॉक ,कल्चरल प्रोग्राम, स्कूलों में संवाद के कार्यक्रम, मैराथन इत्यादि आयोजित किए गए। इसके अलावा स्वच्छता योद्धाओं के स्वास्थ्य की जांच व लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ देने के लिए 333 सफाई मित्र शिविरों का आयोजन भी किया गया।



नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्वच्छता पखवाड़े में प्रथम रहे जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त रुक्मिणी रियाड को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद थीं।

- स्वच्छता पखवाड़े के दौरान पूरे राज्य की निकायों द्वारा शहरी क्षेत्र में 7000 से ज्यादा अपेक्षित कचरा पॉइंट्स की सफाई की गई।
- इसके साथ ही 2618 जन भागीदारी के कार्यक्रम जैसे स्वच्छता शपथ, स्वच्छता संवाद, हैरिटेज वॉक, कल्चरल प्रोग्राम, स्कूलों में संवाद कार्यक्रम व मैराथन का आयोजन भी किया गया

### जयपुर ग्रेटर, अजमेर व जोधपुर दक्षिण पुरस्कृत

नगर परिषदों की श्रेणी में चित्तौड़गढ़ एवं जैसलमेर तथा नगर पालिकाओं की श्रेणी में अजीतगढ़, नोखा, बोली, निवाई, रानीवाड़ा, श्रीमाधोपुर, बेंगू, सादड़ी को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री स्वनिधि यानी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत बेहतरीन कार्य करने वाले नगरीय निकायों और बैंकों को गांधी जयंती पर केंद्र सरकार की अनुशंसा पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा सम्मानीत किया गया।

### 15 नगरीय निकाय व 3 बैंकों को मिला अवॉर्ड

योजना के तहत बेहतरीन कार्य करने पर जयपुर ग्रेटर, जयपुर हेरिटेज, कोटा दक्षिण, बीकानेर और अजमेर नगर निगम के साथ ही 10 अन्य मकराना, भवानीमंडी, नोहर, बांसवाड़ा, बालोतरा, दौसा, झालावाड़, पीलीबंगा, बाड़मेर, सरदारशहर नगरीय निकाय को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा राज्यस्तर पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, बैंक ऑफ बड़ौदा तथा राजस्थान मरुधारा ग्रामीण बैंक को सम्मानित किया गया। साथ ही निकाय स्तर से 12 बैंक शाखाओं को सम्मानित किया गया।

### डिजिटलाईजेशन के प्रति जागरूक किया

झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि योजना के समस्त लाभार्थियों को डिजीटल लेन-देन करने पर जागरूक करें। इसके लिए उन्होंने बैंकों एवं निकायों द्वारा संयुक्त रूप से शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत विशेष शिविरों के आयोजन में बैंकों से सम्बन्धित योजनाओं जैसे जन-धन योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना तथा जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभान्वित करने हेतु सभी बैंक की शाखाओं को भाग लेने हेतु भी निर्देशित किया।

### स्वच्छता यात्रा जारी रहेगी:कुमार पाल गौत्तम

डीएलबी निदेशक कुमार पाल गौतम ने कहा, पीएम स्वनिधि योजना ने राज्य के स्ट्रीट वेन्डर्स को न केवल आर्थिक संबल प्रदान किया है, बल्कि डिजिटल लेन-देन की ओर प्रेरित कर उन्हें वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने में मदद की है। हमारा उद्देश्य है कि इस योजना के लाभार्थी अपने व्यावसायिक जीवन में आत्मनिर्भर बनें और उनकी आजीविका स्थायी हो सके। स्वच्छता यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

# टूटी सड़कों की पेच रिपेयरिंग का काम 15 अक्टूबर तक पूरा करवाएं : आनंदी




जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी ने बुधवार को इंजीनियर्स, उपायुक्तों और प्रवर्तन शाखा के अफसरों की बैठक ली।

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) कमिश्नर आनंदी ने बुधवार को इंजीनियर्स, उपायुक्तों और प्रवर्तन शाखा के अफसरों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों की पेच रिपेयरिंग का काम 15 अक्टूबर तक पूरा कराएं। पेचवर्क का काम पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

उन्होंने कोर्ट कैसेज का निस्तारण त्वरित गति से करने एवं इससे संबंधित प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग कर पेन्डेन्सी शून्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने निदेशक अभियांत्रिकी को जयपुर शहर में चल रहे मुख्य प्रोजेक्ट्स की प्राथमिकता तय करते हुए पूर्ण करने के लिए कहा। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से संबंधित आवश्यक सुधारीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर तुरंत करवाने को कहा। उन्होंने डीटीएस-सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणो को गुणात्मक रूप से निस्तारित करने एवं 30 दिवस से पूर्व लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्ताकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में सेक्टर व्यावसायिक भूखण्डों, मुख्यत: जोन-9, 10 व 11, रिंग रोड परियोजना में नीलामी के लिए उपलब्ध भूखण्डों को चिहिन्त करके नीलामी में रखने पर चर्चा की। इसके साथ ही जोन-10, जोन-11 एवं जोन-12, जोन-14 में विभिन्न नई योजनाएं लॉन्च करने को कहा। बैठक में प्रवर्तन शाखा द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटवाने के पश्चात फैंसिंग करवाने एवं पेड लगवाने के निर्देश दिये।

- राइजिंग राजस्थान से जुड़े सुधारीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य तुरंत करवाने के निर्देश दिए

## तरुण बजाज बने पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक



**जयपुर** । तरुण बजाज ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड) के उत्तरी क्षेत्र पारेषण प्रणाली-1, फरीदाबाद के कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। तरुण बजाज उत्तरी क्षेत्र- के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सभी केंद्रीय पारेषण परियोजनाओं के निर्माण, संचालन और रखरखाव का नेतृत्व करेंगे। वह तकनीकी क्षेत्र में 35 वर्षों का अनुभव रखते हैं। इससे पहले वह बैंगलोर से दक्षिणी क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे थे।

## सार-समाचार

### 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस' अभियान



**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रीय सेवा योजना व्यावसायिक प्रशासन विभाग द्वारा "क्लीन एंड ग्रीन कैंपस" के तहत स्वच्छता अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। राजस्थान यूनिवर्सिटी की प्रो. बिंदू जैन ने बताया कि पी.जी. स्कूल ऑफ कॉमर्स के निदेशक प्रो. दिलीप सिंह, ईएएफएम की विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमावत, डॉ. मुकेश वर्मा ने सभी स्वयं सेवकों को महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर जीवन में स्वच्छता का महत्व समझने का आव्हान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डी.सी.गहलोत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 'हैल्थ हीरोज अवार्ड सैरेमनी' आयोजित

**जयपुर** । हैल्थ इंश्योरेंस एडवाइजर ग्राहकों को सही स्वास्थ्य बीमा योजना चुनने में महत्वपूर्ण कड़ी है, जो न केवल इंशोरेंस पॉलिसी की जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि ग्राहकों की ज़रूरत और बजट के अनुसार उनको उपयुक्त विकल्प लेने में मदद भी करते हैं। इनका मार्गदर्शन लोगों को फाइनेंसियल सिक्योरिटी के साथ-साथ हैल्थ सिक्योरिटी का भी लाभ देता है। ऐसे ही हैल्थ एडवाइजर हीरोज को सम्मानित करने के लिए जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस (जेएचडब्ल्यू) ने अपनी 5वीं वर्षगांठ के अंतर्गत "हैल्थ हीरोज अवार्ड सैरेमनी" का आयोजन जयपुर के हवा सड़क स्थित, होटल हिल्टन में किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर हैरिटेज की सांसद मंजू शर्मा रहीं। उन्होंने हैल्थ इंश्योरेंस एजेंट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, "इनकी भूमिका लाखों लोगों की फाइनेंशियल और हेल्थ सुरक्षा सुनिश्चित करने में अतुलनीय है। ये स्वास्थ्य सेवा तंत्र के रीढ़ की हड्डी हैं।" कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल की ऑफिशियल डेट्स 9 और 10 नवंबर का अनाउंसमेंट के साथ पोस्टर लांच हुआ। इस बार ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फैस्ट के मुख्य आकर्षण होंगे दो वर्ल्ड रिकॉर्ड, पहला एक छत के नीचे मैक्सिमम हेल्थ इंश्योरेंस एडवाइजर और एक हेल्थ ड्राइव में मैक्सिमम सीनियर सिटीजन पार्टिसिपेशन। यह जानकारी जेएचडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ, हिम्मत सिंह ने दी।

### बम की धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ाई

**जयपुर** । राजधानी जयपुर समेत प्रदेश के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। ज्ञात रहे कि जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अलवर, गंगानगर, हनुमानगढ़, बूंदी और उदयपुर सिटी के साथ ही मध्यप्रदेश के रेलवे स्टेशनों को बम से उडाने की धमकी भरा खत रेलवे प्रशासन को मिला है। पत्र में जैश ए मोहम्मद संगठन का नाम लिखा हुआ था। इसके बाद रेलवे पुलिस बल, जीआरपी, पुलिस व बीएसएफ की टीमों ने रेलवे स्टेशन परिसर में सर्च अभियान चलाया। इस संबंध में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। स्टेशन परिसर में रेलवे पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया है। पुलिस भी गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अतिरिक्त निगरानी रख रही है। पत्र किसने लिखा, कहां से पोस्ट किया गया है, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। बुधवार को एटीएस, एसओजी, क्यूआरटी और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। पुलिस प्रशासन समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियां सतर्क है। संदिग्ध वस्तु और संदिग्ध लोगों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन पर आने और जाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। लोगों के सामान की भी सघन चेकिंग की जा रही है। सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इंटेलिजेंस टीम को भी इस मामले को लेकर अवगत करवा दिया गया है।


### हथियार समेत बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । खोह नागोरियान थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित पकड़ा है और उसके पास से एक देशी कट्टा भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत खोह नागोरियान थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए सोम राज उर्फ गोलू निवासी टोडाभीम जिला गंगापुर सिटी को थाना इलाके में स्थित इंदिरा गांधी नगर से गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

### चाकू दिखाकर ऑटो चालक ने लूटा

**जयपुर** । सदर थाना इलाके में ऑटो चालक व उसका साथी एक युवक को चाकू दिखाकर उससे मोबाइल लूट कर ले गए। पुलिस के अनुसार महावीर कॉलोनी सांगानेर निवासी प्रदीप कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह ट्रेन से रेलवे स्टेशन उतरकर घर जाने के लिए ऑटो किराए पर लिया। उसमें चालक व एक अन्य युवक बैठा था। थोड़ी दूर चलने पर पीछे बैठे युवक ने चालक से ऑटो रिक्शा हसनपुरा पुलिया के नीचे ले जाने को कहा। दोनों ने हसनपुरा पुलिया के नीचे ऑटो लेकर जाकर उसे चाकू दिखाया और उससे मोबाइल छीनकर ले गए। दोनों एक दूसरे को असलम और शोएब के नाम से पुकार रहे थे।

## जय क्लब में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर



जय क्लब में प्रति वर्ष की भांति इस साल भी बंगाली रीति-रिवाज के साथ दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गयी है।

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के जय क्लब में प्रति वर्ष की भांति इस साल भी बंगाली रीति-रिवाज के साथ दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गयी है। प्रोबासी बेंगाली कल्चरल सोसायटी की ओर से दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। इस साल पूजा का 30 वां वार्षिक आयोजन होगा।

सोसाइटी के मानद अध्यक्ष डॉ. एस. के. सरकार ने कहा कि, "यह पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह राजस्थान में बंगाली संस्कृति और समुदाय को एकजुट करने का एक माध्यम भी है।" पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस समय मां दुर्गा अपने बच्चों लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश एवं कार्तिकेय के साथ अपने पिहर आती हैं और दशमी के दिन दर्पण विसर्जन के साथ ही अपने ससुराल लौट जाती हैं। नवरात्रि में माता रानी के आगमन व प्रस्थान की सवारी का जनमानस पर प्रभाव पड़ता है। 3 अक्तूबर गुरुवार को मां दुर्गा का आगमन पालकी पर हो रहा है। डॉ. सरकार ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष की पूजा विशेष होगी। इसमें परंपरागत पूजा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय और बाहरी कलाकार भाग लेंगे।

उन्होंने जयपुरवासियों को इस पूजा में शामिल होने और इसे सफल बनाने का आव्हान किया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग भाग लेने की उम्मीद है, जिससे यह पूजा जयपुर के सांस्कृतिक कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

## आमजन की समस्याओं का समाधान जल्द

**जयपुर** । नगर निगम हैरिटेज मुख्यालय में बुधवार को हवामहल विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव, हवा महल विधायक बाल मुकुंद आचार्य, आयुक्त अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने कहा कि हवामहल विधान सभा क्षेत्र में गंदगी, अतिक्रमण, आवारा पशु, बूचड़ खाने की समस्या हो गई है। स्थानीय निवासी परेशान है। इन समस्याओं का समाधान जल्द होना चाहिए। इस पर महापौर कुसुम यादव ने आश्वस्त किया कि वे जल्द क्षेत्र का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएं। इस दौरान हवा महल विधानसभा के सभी पार्षद मौजूद रहे।

## स्वच्छता प्रहरियों का किया सम्मान

**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आरंभ किए गए स्वच्छता पखवाड़े का समापन नगर निगम हैरिटेज की ओर से बुधवार को जल महल की पाल, आमेर रोड, जयपुर में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि आयुक्त अरुण कुमार हसीजा रहे। उन्होंने कार्यक्रम में स्वच्छता चैंपियन, स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ गार्डन, स्वच्छ अस्पताल और स्वयं सहायता समूह को सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, पार्षद भूपेंद्र मीना सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयुक्त ने स्वच्छता अभियान की सराहना की।

# जे.डी.ए. में 7 सेवाओं के आवेदन ऑफलाइन होंगे

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण में अब भवन मानचित्र में सुधार करने, पूर्णता प्रमाण पत्र, अधिभोग प्रमाण पत्र, परियोजना अवधि में विस्तार, स्वीकृत मानचित्र को रद्द करने औश्र पंजीकृत वास्तुकार द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रमाण पत्र एवं पट्टा-नाम ट्रांसफर आदि दस्तावेजों में अद्यतनीकरण करने जैसी 7 सेवाओ के आवेदन नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑफलाइन लिए जायेंगे।

जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि इन 7 सेवाओं के आवेदन जोन कार्यालय के स्थान पर नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑफलाइन ही लिए जायेंगे। इन सेवाओं के आवेदन ऑफलाईन नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्राप्त होने पर ही कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जेडीसी ने बताया कि इन सेवाओं के अतिरिक्त किस-किस प्रकृति के कार्यों के लिए आवेदन सीधे जोन-प्रकोष्ठ में प्राप्त होते हैं, ऐसे सभी कार्यों की सूची तुरंत नागरिक सेवा केन्द्र को भेजने के निर्देश दिए है। ताकि एक ही जगह पर आमजन को इन सुविधाओं का फायदा मिल सके।

- नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे लोग

## पुलिस ने 15 हजार का इनामी बदमाश मध्यप्रदेश से पकड़ा

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने वांछित ईनामी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पन्द्रह हजार रूपये के ईनामी आरोपित संदीप चौधरी को भोपाल (मध्य प्रदेश) से दस्तयाब कर पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर को सुपुर्द किया है। आरोपित काफी दिनों से भिवाडी गुड़गांव एवं दिल्ली में पुलिस से बचने के लिए फरारी काट रहा था। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए एक पन्द्रह हजार रूपये के ईनामी आरोपित संदीप चौधरी निवासी सीकर हाल श्यामनगर जयपुर को भोपाल मध्यप्रदेश से दस्तयाब कर मानसरोवर पुलिस जयपुर को सौंपा है। आरोपी संदीप चौधरी के जयपुर के हरमाडा, झोटवाड़ा, मुहाना, करणी विहार, भांकरोटा, चित्रकूट, वैशाली नगर मानसरोवर सहित विभिन्न थानों में विभिन्न गंभीर धाराओं में लगभग 16 प्रकरण दर्ज है।

## स्वास्थ्य टीम ने 150 लीटर घी सीज किया

**जयपुर** । प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा के नेतृत्व में जयपुर में गणपति देसी घी भंडार पर डेढ़ सौ लीटर घी सीज किया है।


खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पानो का दरीबा स्थित श्री गणपति देसी घी भंडार पर कार्यवाही करते हुए घी एवं पनीर के नमूने जांच के लिए लेकर मौके पर रखे घी 150 लीटर को सीज किया। दुकान पर अनेक ब्रांड के घी को खोल कर बेचा जाता है।

घी के नमूने लेबोरेटरी में जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाए गए। खाद्य कारोबार संचालन के क्रम में पाई गई कमियों के संबंध में उक्त प्रतिष्ठान को नोटिस भी जारी किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, नरेश चेजारा, पवन गुप्ता और नरेन्द्र शर्मा शामिल रहे।

## विशेष सेवा सम्मान कार्यक्रम

**जयपुर**। लॉयन्स क्लब जयपुर द्वारा बापू नगर में गांधी जयंती पर एक "विशेष सेवा सम्मान कार्यक्रम"आयोजित किया गया। समन्वयक आलोक जैन हीरावत ने बताया कि श्रेष्ठ सेवा भावी पार्षद गोविन्द छीपा और शांति दूत के रूप में सुनील माथुर लोकतंत्र सैनानी का सम्मान किया गया। क्लब के जोनल चेयर पर्सन रमेश जैन उपाध्यक्ष अक्षत पाटनी सचिव सुनील जैन, कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन व सदस्यों की उपस्थिति में यह समारोह सम्पन्न हुआ।

## महेन्द्र मधुप विश्व संसद में विशिष्ट वक्ता होंगे



**जयपुर** । देश के वरिष्ठ कृषि पत्रकार डॉ. महेन्द्र मधुप पुणे में दसवीं विश्व संसद में विशिष्ट वक्ता होंगे। इसका आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी कर रही है। डॉ. मधुप मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार और मिशन पर्यावरण योद्धा परिवार के फाउंडर के रूप में, 4 अक्टूबर को भूमंडलीय ऊष्मीकरण से बचाव और टिकाऊ विकासात्मक लक्ष्यों को पुनः परिभाषित करने के लिए, आमजन की अनुकरणीय कोशिशों को साझा करेंगे।

## गैस सिलेंडर चुराने वाली गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । बजाज नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानों से गैस सिलेंडर और वाहन चोरी करने वाली गैंग के शातिर बदमाश समेत खरीददार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के चार गैस सिलेंडर सहित चोरी के पांच दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपियों ने आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी और सहित सूने मकानों से गैस सिलेंडर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानो से गैस सिलेंडर चोरी करने वाली गैंग के एक शातिर बदमाश अभिषेक उर्फ अभी भटनागर निवासी बजाज सहित चोरी के सिलेंडर खरीदने वाले खरीदार चेतन अग्रवाल लबाना जिला दौसा हाल बजाज नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के चार गैस सिलेंडर सहित चोरी के पांच दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक वाहन चोरी और सूने मकानों से गैस सिलेंडर चोरी के मामले में कई बार जेल भी जा चुका है। वहीं आरोपित नशा करने का आदि है और नशा करने के लिए सूने मकानों से गैस सिलेंडर और वाहन चोरी कर उन्हे औने-पौने दामों में बेच कर नशे का शौक करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

- पुलिस ने आरोपी से चुराया हुआ सामान खरीदने वाले को भी पकड़ा है
- आरोपी ने आधा दर्जन वाहन चोरी व सूने मकानों से गैस सिलेंडर चुराने की वारदातें स्वीकारीं है

## 'आई.सी.आई.सी.आई प्रूडेंशियल लाइफ का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99.35 प्रतिशत'

**जयपुर** । आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए 99.35 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया है, जो देश की सभी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में सबसे अधिक है। ध्यान देने योग्य बात है कि कंपनी के पास क्लेम सेटल करने लिए केवल 1.2 दिन का औसत समय था। साथ ही, इस अवधि के दौरान डेथ क्लेम्स के लिए कंपनी कुल 381.24 करोड़ रुपए का भुगतान करने में सफल रही। यह जानकारी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में कस्टमर सर्विस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अमीश बैंकर ने दी है। उन्होंने बताया कि "कमाने वाले सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, लाइफ इंश्योरेंस परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए हम हर क्लेम को सावधानी और तेजी से संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में, हमारा व्यक्तिगत डेथ क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99.35 प्रतिशत था।

## विधायक का फर्जी कार्ड लेकर घूमने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । चौमूं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया का फर्जी कार्ड और विधायक पास कार पर लगाकर घूमने के मामले में कार मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्टीकर लगी कार को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि चौमू थाने में विधायक रामनिवास गावड़िया ने बीस सितम्बर को मामला दर्ज करवाया कि तीन अगस्त को एक व्यक्ति टाटियावास टोल प्लाजा पर कार लेकर पहुंचा। कार पर उसके नाम विधायक और स्टीकर लगा हुआ था। टोल प्रशासन की सूचना पर विधायक ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में बगरू निवासी पवन कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर उसकी कार को भी जब्त कर लिया है। गौरतलब है कि कार में कुछ युवक घूम रहे थे। टाटियावास टोल पर जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने कार्ड और विधायक पास दिखाया। शक होने पर टोल मैनेजर ने जब जांच तो वे फर्जी पाए गए। मौका देखकर आरोपी वहां से कार लेकर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टाटियावास टोल प्लाजा पर एक लग्जरी कार आकर रुकी। टोल टैक्स मांगने पर युवकों ने कार पर एमएलए का पास और विधायक का कार्ड दिखाया। शक होने पर कर्मचारी ने इसकी जानकारी टोल मैनेजर को दी। टोल मैनेजर ने कार पर लगे पास और एमएलए कार्ड की जांच शुरू की।

- चौमूं थाना पुलिस ने आरोपी को सीकर रोड पर टाटियावास टोल प्लाजा पर दबोचा है
- आरोपी की लग्जरी कार पर विधायक रामनिवास गावड़िया का स्टीकर लगा हुआ था



### International Crumhorn Day


The crumhorn is a double reed woodwind musical instrument that dates back to somewhere around the 14th century. Some originals of these instruments have survived from as far back as the court of Henry VIII in England, as well as from places in Italy and France. Although the crumhorn spent some time on the back burner for a bit, in the last several decades it has made its way back into popularity, particularly with a niche crowd of enthusiasts. There is only a small handful of folks who still crumhorns professionally but a renaissance is hoped for.

#TECHNOLOGY

## Computer Vision Could Spot Melanoma Early

Melanoma is the most serious type of skin cancer because it can spread rapidly, making early detection crucial.





Researchers are exploring the potential of using computer vision to track skin lesions over time to spot melanoma earlier. Melanoma is the most serious type of skin cancer because it can spread rapidly, making early detection crucial. If a person has many naturally occurring moles, their doctor may suggest total-body photography to track their growth over time.

The researchers say the new approach, which tracks across multiple scans from different patient visits, shows promise for identifying skin lesions that the human eye can miss.

In their new work, the researchers use geometry and texture analysis to track skin abnormalities via a 3D textured mesh. According to the team, the novel framework can find corresponding skin lesions regardless of changes in body pose and camera view, which is critical when it can't be guaranteed that a patient will be standing in the exact same position for each and every body scan.

The researchers' method begins by identifying key points on the body to estimate the location of a skin lesion that was identified previously on an earlier scan. They then use details such as size, shape, and texture to more precisely locate the lesion on the new scan.

"Imagine that we want to look for a house in New York City. If we're given the locations of some landmarks, like the Empire State Building, and how far the house is from those landmarks, we know the approximate region the house is located in," says Wei-Lun Huang, a doctoral candidate in the computer science department at Johns Hopkins University and a member of the Laboratory for Computational Sensing and Robotics' Biomechanical and Image-Guided Surgical Systems Lab.

He is advised by senior co-authors Mehran Armand, a professor of orthopaedic surgery with joint appointments in mechanical engineering and computer science, and Misha Kazhdan, a professor of computer science.

"The texture information we utilize is similar to using a picture of the house from Google Street View to narrow down our search," Huang says. "But what if the initial region doesn't include the house we want, or what if there are multiple similar houses nearby?"


To make sure they've found the correct lesion on the new total-body scan, the researchers measure how similar it is to the lesion they're looking for in terms of texture similarity, landmark alignment, and uniqueness to the region it's located in.

"If the lesion correspondence is found with confidence, we add it as a new landmark to help find the correspondence of the remaining lesions of interest," says Huang.

The researchers evaluated their framework on private and public datasets with success rates comparable to those of a state-of-the-art method.

Their next steps involve addressing limitations that naturally arise from human data. For example, their localization method currently struggles with the sudden addition of new tattoos, low-quality scans, dramatic changes in pose, and significant weight change in patients.

"Our ultimate goal is automatic full-body lesion detection to allow for automated longitudinal skin lesion tracking," says Huang. "This will allow our method to suggest that physicians pay particular attention to a lesion that has evolved abnormally."





# Maggi and Rasgulla Chaat...







I had seen the recipe in one of those viral videos on the internet. Videos in which Indian street vendors create quirky, strange and sometimes outlandish inventions that keep Instagram and YouTube humming. Millions watch these videos with disbelief and despair, railing against the absurdity of the gimmickry, the bastardisation of their beloved classics, the vandalisation of their culinary tradition.




Priyadarshini Chatterjee
*food and culture writer, based in Kolkata*


Never had I felt such anxiety in the kitchen. My mind reeled as I grated a bar of Dairy Milk chocolate onto a three-egg omelette sizzling in a pan with glistening onions, mushy tomatoes and fiery green chillies. A host of taste memories were running through my head. What will this dish be like? Will it be a sweet omelette? Or an eggy chocolate? Putting all doubts aside, I sprinkled generous shavings of Amul cheese into the pan. As the flakes melted into bubbling little springs, it was time for the final flourish - a liberal squirt of Hershey's chocolate syrup. Finally the omelette was complete but my mind had gone blank.

I had seen the recipe in one of those viral videos on the internet. Videos in which Indian street vendors create quirky, strange and sometimes outlandish inventions that keep Instagram and YouTube humming. Millions watch these videos with disbelief and despair, railing against the absurdity of the gimmickry, the bastardisation of their beloved classics, the vandalisation of their culinary tradition.

Sometimes it does seem a little too much. Like when a vendor folds pulped masala dosa and frozen cream to make an ice cream roll and serves it with spiced potatoes, coconut chutney and sambar. Or when turmeric-tinged slices of bread are layered with mango ice cream, strawberry and mango syrup, nuts, raisins and grated cheese. Or when the spicy tamarind water of a puchka, the very thing that makes it heavenly to its admirers, is replaced with Thums Up.

But maybe there is a method to the madness. Maybe what these vendors are doing is simply responding to the exigencies of the times. Like any astute entrepreneur, they have realised that in a crowded market, where consumers tend to loyally stick to favourites, an easy way to stand out is to offer something different - or even shocking. A samosa filled with okra, then, is not just an experiment in food by a vendor but a response to the consumption culture that thrives on novelty and abundance of options.

Besides, hasn't street food always existed outside the boundaries of lofty traditions and purist preoccupation with authenticity? I remember when I was in college in the 2000s, my friends and I would queue up outside Balwant Singh Eating House in Kolkata for doodh cola - a cloying concoction of milk and cola - all the while wondering why. Ingenuity on the street was what gave us successful wonders like Chinese bhel and tandoori momos (steamed momos smothered with tandoori spices and then charred in a tandoor).

Indian street food does not fit into the Western understanding of culinary sophistication. It is untamed, chaotic and even senseless, just like the streets themselves. Drama is indispensable to it. Watching the vendor's quicksilver hands move in a chaotic rhythm, the sizzle of the pan, the crackle of open flames, the clanking of utensils are all essential to the experience of eating on the streets.

Sometimes the drama doesn't work, the ingredients are bizarre and the taste ghastly, but whatever the outcome, at least the experiments are refreshingly irreverent - a break from the chokehold of tradition. In a country where tastes are shaped by class and caste, where food is a powerful marker of identity, they are a rebuttal of the domination of the taste-makers who judge food from a perch of privilege and access.

Unlike these taste-makers, I didn't want to dismiss viral food videos offhand. I wanted to try the whacky street creations. But since travelling around India in their search was not possible, I did the next best thing: I recreated the recipes in my kitchen by approximation. Granted, a few ingredients may have been off here and there, but then, I reminded myself, this exercise was about one thing: what happens when you don't follow the rules?

#FOOD



### Oreo Pakora

Among the best-known cookies in the world, Oreos have inspired numerous recipes, from pies and shakes to ice cream and cakes. In the United States, it is common at fairs to find deep-fried Oreo - Oreos dipped in sweet pancake batter, deep fried and dusted with icing sugar. The Oreo pakora is the desi cousin of deep-fried Oreo. The difference is that instead of pancake batter, it is dipped in a savoury chickpea batter, like most bhajias. To me, this seemed like the wrong choice: the flavour of the chickpea batter and its savouriness clashed with the biscuits. But maybe you, the reader, will find it interesting.

### Rasgulla Chaat




Chaat is the most versatile Indian street food. Its ingredients are not fixed. The goal is to layer flavours, colours and textures into a culinary cornucopia that is electric and mouthwatering. In many parts of the country, people add spongy ingredients like soaked lentil fritters and crumbled dhokla to chaat as a textural counterpoint to the crisp papdi, puris and sev. Replacing the dhokla with rasgulla is, therefore, not a bad choice. The rasgulla syrup can be squeezed out or used to add a sweet element to the chaat. There are quite a few versions of the rasgulla chaat online. The one I tried featured pani puris stuffed with rasgullas and topped with sev, curd, chutneys and other condiments. It was delicious. I licked the plate clean.

### Fanta Maggi



In this recipe, good old Maggi is cooked with finely chopped onions, green chillies, lashings of sweet fizzy Fanta along with coriander, amchur and salt. If you like, you can add extra green chillies to amp up the heat or an extra sachet of Maggi masala. The dish rides on the cherished trifecta of sweet, sour and spicy. Anyone who enjoys this flavour profile may like Fanta Maggi. To me, it was a reminder of the sweet-and-sour dishes at the rustic Chinese eateries in Kolkata. Next time I will try Rooh Afza Maggi.

### Chocolate Omelette



There is nothing unusual about a chocolate omelette per se. The internet is filled with recipes for omelettes infused with molten chocolate, covered with chocolate shavings or stuffed with chocolate mousse and garnished with whipped cream and berries. How the Indian street version differs is that it throws in generous amounts of onions, tomatoes, green chillies, salt, spices and cheese. One internet user called it garbage. I would not go that far, but I will admit that I found it confusing. Give it a miss.

### Egg Paani Puri



Puchka topped with grated boiled eggs is a popular street snack in Bangladesh. The Indian street version is different. To make it, boiled eggs need to be halved and their yolk scooped out. After that, the yolk is cooked with onions, tomatoes and spices into a spicy mash, which is then spooned into hollowed-out boiled eggs. Think of it as devilled eggs with a desi tadka or a reconstructed anda ghotala. It is addictive and makes for a nice snack.


rajeshsharma1049@gmail.com


#JAIPUR EATERY

## Tanjore Tiffin Room Comes to Town

For some of the North Indians whose idea of South Indian begins and ends at the iconic dosaidli sambhar Vada fare the authentic flavors and time honored recipes turned the 12 course meal into an everlasting memory. That it was a welcome exposure to heritage cuisine goes without saying.




Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*





All good things come to an end, sadly sometimes too soon. The Takeover of Shrot by The Tanjore Tiffin Room at Hyatt Regency Jaipur Mansarovar was one such short lived experience though hugely immersive.For the uninitiatedShrot is a white table cloth all day dining restaurant at this sprawling gem of a hotel at Jaipur Mansarovar.The Tanjore Tiffin Room- as the name suggests, is a happening Mumbai based bistro serving traditional Tamilian food at Versova and Bandra.

For some of the North Indians whose idea of South Indian begins and ends at the iconic dosaidli sambhar Vada fare the authentic flavors and time honored recipes turned the 12 course meal into an everlasting memory. That it was a welcome exposure to heritage cuisine goes without saying.

For starters the Yam cutlets and Beetroot Urandai served with tomato chutney and Chicken 65 and Mutton Chettinad, Paniyaram were something to die for.

Says Anudita a food blogger "As a hardcore non vegetarian I could not have enough of the mutton dishes. Lamb chops,fried prawns and Chintamani chicken were all packed with flavour and well cooked."

There are many versions about the affix "65" to a food dish. One is that it originated because of a simple dish made for soldiers in 1965. The other is, 65 chilies were added to the chicken dish. Be that as it may its popularity spans to vegetarian fare also as many restaurants serve "paneer 65" or "gobi 65".

The 4 x4 food caddy with 16 different tastes to sample subliminally stroked my foodie ego. The wide spectrum of chutney, four different kinds of rice and curryis a great way to commence your gastronomical journey. That which you like in the sampler you order.





The Main course, Ghee roast Chicken,Prawns,Mutton,the famous Madras Railway Curry wherein you can again take your pick from,chicken,mutton,prawns for vegetarians there is paneer.

No Tamil meal can be complete without the Chettinad paneer, or the three above options of non veg.

The Kolumbu - a stew made with tamarind base, roasted coriander and fenugreek seeds, fresh coconut and tovarDalandveggies is straight from Grandma's recipe book.

The Sambhar Sadamis something to write home about as its burst of flavour is in sharp contrast to that which is served in North India in the name of sambhar.

The sampler caddy also had four kinds of rice- lemon, curd, coconut and steamed. As I lapped upthe oodles of flavors I could not help but recall how my Tamilian aunt would always deem these different flavours of rice as "lifesavers" as they came in handy to take care of the left over rice from a previous meal.

Personally speaking for me the piece de resistance from the Tanjore Tiffin Room Takeover was the Paniyarams. Made from fermented rice and lentil batter, pan-frie dumplings they had a twist with four kinds of stuffing - coconut and jaggery for sweet,chilli and cheese,mutton, and chicken for those who like it tangy or sharp and are happy to be carnivorous.


Small soft marvel of culinary delight one hopes Shrot will offer boxes of paniyarams like that of doughnuts done in many hotels and bakeries. Or at least have a live counter for these sheer ball sized delights. What better example of time honoured heritage recipes or as Nikhil Gandhi GM Hyatt Regency Jaipur Mansarovar said "South Indian cuisine reimagined for today's culinary enthusiasts"

Also there is something to be said in finding happiness in a mocktail and a soul satisfying South Indian meal done to perfection at the three day food pop at Shrot. My only lament - Team Tanjore Tiffin Room forgot to pack coffee beans that still transport you to Malgudi days every time you sip iconic Madras filter Kapi.Surely another time- after all we all live in hope!





### THE WALL




### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ''अतुल्य अलवर अभियान'' का पोर्टल व लोगो लॉन्च

## अलवर के लोग अब सफाई की समस्या को पोर्टल पर डाल सकेंगे, 24 घंटे के अंदर होगा समाधान



अतुल्य अलवर अभियान के पोर्टल व लोगो को वन मंत्री संजय शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला, नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर आदि ने लॉन्च किया।

**अलवर,** (निसं)। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कलक्ट्रेट सभागार में गांधी जयन्ती के अवसर पर जिला प्रशासन के नवाचार ''अतुल्य अलवर अभियान'' के तहत विकसित किए गए क्लीन अलवर इन पब्लिक पोर्टल को लॉन्च किया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला सहित आधिकारिक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंत्री संजय शर्मा ने कहा जिला प्रशासन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु नवाचार करते हुए यह पब्लिक पोर्टल लॉन्च किया है जिसमें आमजन अपनी सफाई से जुडी शिकायतें डालने पर नगर निगम द्वारा त्वरित साफ-सफाई कराई जाएगी और इसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन के द्वारा निरन्तर की जाएगी। आमजन इस पोर्टल पर फीडबैक भी दे सकते हैं। इस नवाचार से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका का शुक्ला ने इस अवसर पर अलवर में नवाचार कर शुरू किए गए अतुल्य अलवर अभियान की जानकारी दी और कहां अभियान से निरंतर जुड़ रहे लोगों की भावनाओं को देखकर पूर्ण विश्वास है कि अतुल्य अलवर अभियान जन-जन का अभियान बनेगा। इस दौरान मंत्री ने अभय कमाण्ड के तहत शहर में लगे हुए कैमरों से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर निगरानी के लिए मिनी सचिवालय में बनाए गए स्वच्छता प्रहरी नियंत्रण कक्ष का अवलोकन भी किया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर शहर में सफाई से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वेब पोर्टल क्लीन अलवर इन को विकसित किया है जिसमें अलवर शहर के समस्त वार्डों के निवासी सफाई से संबंधित समस्या डाल सकते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उप निदेशक चारू अग्रवाल ने बताया कि शिकायत दर्ज करने के लिए सबसे पहले अपने मोबाइल ब्राउज़र में.वेबसाइट खोलें। इस दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, यूआईटी की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीमा महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, नगर निगम आयुक्त संजय गोयल सहित संबंधित अधिकारी व पं. जलेसिंह सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

## जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवड़ा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार पार्किंग को लेकर विवाद के बाद आरोपियों ने जानलेवा हमला किया था। हमले में युवक को गंभीर चोटें आई थीं।

दोवड़ा थानाधिकारी ने बताया कि शंकर पुत्र पेमा परमार मीणा निवासी पाल मांडव फला दरा खांडा ने रिपोर्ट में बताया कि 18 सितंबर को दामाद मुकेश पुत्र भोगीलाल रोत मीणा निवासी बिलिया बड़गामा फला हरवा मारुति वैन लेकर आया और खड़ी की।

- **चाकू और पाइप से वार किया था, कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था**

इसी दौरान पाल मांडव दरा खांडा के रामचंद्र पुत्र चेतनलाल, प्रभु पुत्र पूजा, लसू पुत्र हूजा परमार मीणा तीनों आए। मारुति वैन खड़ी करने की बात को लेकर झगड़ा करने लगे। प्रभु ने उसके दामाद पर चाकू से हमला किया। रामचंद्र ने पाइप और लसू ने पंच से मारपीट की। मारपीट में उसका दामाद घायल हो गया। नारायण, लोकेश और मीरा बीच-बचाव करने आए। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने जानलेवा हमले करने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने मामले में आरोपियों की तलाश करते हुए आरोपी रामचंद्र उर्फ रामशंकर परमार मीणा, प्रभुलाल परमार और लसू उर्फ लक्ष्मण परमार मीणा को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# 'एरिया डोमिनेशन अभियान' में 55 बदमाशों को गिरफ्तार किया


गंगापुर सिटी में 'एरिया डोमिनेशन अभियान' में पकड़े गये बदमाश।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज की ओर से चलाए गए दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत गंगापुरसिटी पुलिस ने कुल 55 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

एसपी ममता गुप्ता (अतिरिक्त प्रभार) गंगापुर सिटी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुरसिटी राकेश राजौरा व वृताधिकारी वृत टोडाभीम मुरारीलाल, वृत्ताधिकारी वृत बामनवास सन्तराम मीना के निकटतम सुपरविजन मे जिला गंगापुरसिटी पुलिस ने टीमें गठित कर 18 गिरफ्तारी वारंटी, तीन स्थायी वारंटी, दो वसूली वारंटी व 170 बीएनएसएस में 26 गैर जमानती और व अन्य कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मय जाप्ता के एरिया डोमिनेशन धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 5 गिरफ्तारी वारंटी व 170 बीएनएसएस के तहत सात गैर जमानती आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना सदर ने अभियान के तीन गिरफ्तारी वारंटी व 170 बीएनएसएस के तहत दो गैर जमानती को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार थाना उदेईमोड पुलिस के अभियान के दौरान 1 वारंटी व 170 बीएनएसएस के तहत पांच गैर जमानती को गिरफ्तार किया गया। थाना वजीरपुर ने अभियान के दौरान धारा 170 बीएनएसएस में 6 व दो एचएस अन्य कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए है।

थाना बामनवास के अभियान के दौरान 170 बीएनएसएस के तहत एक गैर जमानती व एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। थाना बाटोदा द्वारा अभियान के दौरान तीन गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया गया। थाना नादौती द्वारा अभियान के दौरान तीन गिरफ्तारी वारंटी व दो स्थायी वारंटी व दो वसूली वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर ने अभियान के तीन गिरफ्तारी वारंटी व 170 बीएनएसएस के तहत दो गैरसायल को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार थाना उदेई मोड पुलिस के अभियान के दौरान एक वारंटी व 170 बीएनएसएस के तहत पांच गैर जमानती को गिरफ्तार किया गया। थाना गढमोरा द्वारा अभियान के दौरान एक वांछित अपराधी दो गिरफ्तारी वारंटी व धारा 170 बीएनएसएस में दो गैर जमानती को गिरफ्तार किया गया। थाना बालघाट द्वारा अभियान के दौरान एक वांछित अपराधी व एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया गया। थाना टोडाभीम थाना पुलिस ने अभियान के दौरान एक वारंटी व 170 बीएनएसएस के तहत तीन गैर जमानती को व 60 पुलिस एक्ट में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

## वृद्ध की मौत

**बांदीकुई,** (निसं)। राजगढ़-बांदीकुई रेलमार्ग पर सुरेर ग्राम के समीप ट्रेन से कटने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृत व्यक्ति का शव राजगढ़ चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार प्रातः सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। इस पर व्यक्ति के शव को राजगढ़ चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 60 वर्ष है, जिसने शर्ट एवं सफेद रंग की धोती पहनी हुई हैं। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। भुपालपुरा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ टूर्स कराने के नाम पर पीड़ित से नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सिद्धार्थ पुत्र श्यामसुन्दर चौबीसा निवासी सज्जनगढ़ रोड़ पावरहाउस के पास ने अखिलेश पंवार मेघवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी के जरिये 2023 में मलेशिया बाली जाने के लिए बातचीत की। इस पर उसके कहे अनुसार आरोपी को 1 लाख 90 हजार रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पर आरोपी ने उक्त यात्रा नहीं कराने की जानकारी दी। इस पर आरोपी ने 1 लाख 40 हजार रूपये का भुगतान किया शेष नकदी हड़प ली।

# डॉ. बैरवा के खिलाफ खोला सामाजिक संगठनों ने मोर्चा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय में डॉक्टर महेश बैरवा द्वारा चलाए जा रहे भ्रष्टाचार के रैकेट के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता साबिर मोहम्मद के साथ ही बड़ी संख्या में समाजसेवियों ने पीएमओ और प्रिंसिपल के नाम ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर बैरवा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सामाजिक कार्यकर्ता साबिर शेख ने बताया कि पूर्व में भी उनके द्वारा एमजी हॉस्पिटल में चल रहे इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बार शिकायत की, लेकिन विभाग आंखें मूंद कर बैठा रहा। डॉक्टर महेश बैरवा द्वारा चला रहे भ्रष्टाचार के रैकेट का खुलासा करने के बाद एक बार फिर उन्होंने आंदोलन की राह पकड़ी है। डॉक्टर महेश बैरवा और एमजी हॉस्पिटल में भ्रष्टाचार की सर्किट में शामिल अन्य चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पीएमओ डॉक्टर अरुण गौड़ और मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा सिंह के साथ ही चिकित्सा मंत्री, जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर दोषी चिकित्सक के खिलाफ 3 दिन में कार्यवाही की मांग की गई है, अन्यथा एमजी हॉस्पिटल में आंदोलन की शुरुआत की जायेगी।

## हादसे में वृद्ध की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय प्रतापनगर थाना क्षेत्र नागदा पेट्रोल पंप के सामने रोड़ पर बाइक ने साइकिल चालक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल आशापुरा माताजी बेड़वास निवासी भंवरलाल (65) पुत्र वैणीराम माली की मौत हो गई। भंवरलाल फूलमाला बेचने के लिए साइकिल लेकर घर से निकला था, जहां बीच रास्ते में पिछे से आए बाइक सवार ने उसे चपेट में ले लिया था। हादसे की सूचना मिलने पर एएसआई चंदनसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# 'पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन शुरू कर देश को स्वच्छता में नई दिशा दी'

- **'सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन गांधी जयंती पर प्रदेशभर में सदस्यता महा अभियान चलाया'**
- **स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों ने श्रमदान किया**

**जयपुर।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश महामंत्री मुकेश दाधीच सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान स्वच्छता अभियान के तहत प्रदेश कार्यालय के बाहर प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा झाड़ू निकालकर साफ सफाई की।

भाजपा प्रदेश महामंत्री मुकेश दाधीच ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर को देशभर में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया था। सेवा पखवाड़े का आज गांधी जयंती पर देश-प्रदेश में साफ-सफाई कर समापन किया गया। पीएम मोदी ने 10 साल पूर्व स्वच्छ भारत मिशन को शुरू कर देश को एक नई दिशा प्रदान की। आज देश का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को लेकर जागरूक नजर आ रहा है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और सदस्यता अभियान के प्रदेश सह-संयोजक मोतीलाल मीणा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन आज गांधी जयंती पर प्रदेशभर में सदस्यता महा अभियान चलाया गया। भाजपा बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन को प्रदेश की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताई और पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में उत्साह नजर आ रहा है। भाजपा कार्यालय में महात्मा गांधी और शास्त्री जी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हत्या का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के फलासिया थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित गोपाल चन्द्र पुत्र भुराजी गमार निवासी खाराफला आमलिया फलासिया ने आरोपी प्रवीण उर्फ कमु पुत्र लक्ष्मीलाल निवासी नागमाला फलासिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि 30 सितंबर को मेरे छोटे भाई दिनेश गमार की लाश उसके मकान में बिस्तर में पड़ी मिली थी। इसका पता चलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में पीड़ित ने आरोपी पर घर में घुसकर दिनेश की हत्या करने की आशंका व्यक्त करते हुए प्रकरण दर्ज करवाया।

इसी तरह 29 सितंबर को फलासिया थाना मोती सागर तालाब किनारे पहाड़ी पर सपना देवी पत्नी चतरसिंह की लाश फांसी पर लटकी मिली थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के पीहर जाकड़ा फला आमोड से परिजनों को बुलवाकर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में पीड़ित लक्ष्मणसिंह निवासी जाकड़ा फला ने अपनी बहन सपना देवी की मौत पर शंका व्यक्त करते हुए उसने पति चरणसिंह के खिलाफ हत्या कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# ऑनलाइन ठगी के आरोपी को जेल

**पहाड़ी/भरतपुर,** (निसं)। पुलिस ने एंटी वायरस अभियान के तहत ठगी के गिरफ्तार सरगना को बुधवार को न्यायालय मे पेंश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

गोपालगढ़ थाने के थाना प्रभारी विजय सिंह मीणा ने बताया है कि पहाड़ी पुलिस द्वारा गिरफ्तार ठगी का आरोपी मुस्तकीम पुत्र ईशव मेव निवासी धौलेट पुलिस थाना पहाड़ी जिला डीग को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। गौरतलब है कि भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा साइबर ठगों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान एंटी वायरस के तहत पहाड़ी पुलिस ने मंगलवार अल सुबह गश्त के दौरान जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि नांदनखेडा से आगे फिरोजपुर रोड पर बंद दुकानों के पास एक व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से साइबर ठगी का काम कर रहा है।

बताये सांकेतिक स्थान पर पुलिस ने पहुंचकर नाकेबंदी की जहां एक व्यक्ति फोन ऑपरेट करता दिखाई दिया, जिसे घेराबंदी कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। नाम पता पूछा तो अपना नाम मुस्तकीम पुत्र ईशब निवासी धौलेट पुलिस थाना पहाडी जिला डीग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## छात्रों से नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। हाथीपोल थाना पुलिस ने कंपनी में रहते हुए छात्रों से रूपये वसूल कर अपने खाते में जमा करवा धोखाधड़ी करवाने वाले आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित संग्रामसिंह पुत्र राजवीरसिंह निवासी टावर होम्स उमउड़ा ने आरोपी कार्तिक नगौरी निवासी आर्ची पैलेस पार्क न्यू विद्यानगर सेक्टर 4 बीएसएनएल रोड़ हिरणमगरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि मैं न्यूरोगिलिया प्रा. लि. कंपनी में डवलपमेंट एसोसिएट्स पद पर काम करता हूं। आरोपी भी कंपनी में रहते हुए बिजनेस डवलपमेंट एक्स्यूकेटिव पद पर काम करता था। कंपनी निट एवं पीजी परीक्षाओं के लिए छात्रों को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराती है। 2023-24 में इसके लिए आरोपी ने छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 लाख 49 हजार रूपये वसूल कर कंपनी के खाते में जमा नहीं करवा अपने खाते में जमा करवा धोखाधड़ी की।

## 46 विमुक्त घुमंतू परिवारों को मिले पट्टे

- **जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने लोगों को पट्टे देकर लाभांवित किया**

**खैरथल,** (निसं)। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिले के 46 विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जाति के लोगों को पट्टा प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र बुंदेल विकास अधिकारी मुंडावर सानू अग्रवाल विकास अधिकारी किशनगढ़ बास रामजीलाल एवं अतिथि मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम में खैरथल तिजारा जिले की ग्राम पंचायत पेहल, बडली, बिजवाड चौहान, मानका के 46 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु जाति के व्यक्तियों को मौके पर ही पट्टे देकर लाभान्वित किया गया।

# विद्यालयों में गांधी जयंती पर ''निपुण मेला'' आयोजित

## विद्यालयों में निपुण मेले में बाल कलाकारों ने मनोहर कौशल दिखाए



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कार दिये गये।

**जयपुर।** प्रदेश के समस्त विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक के विद्यार्थियों में पठन कौशल की प्रवाहशीलता एवं समझ विकसित करने के लिए 9 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रखर राजस्थान अभियान आयोजित किया गया। प्रख़र राजस्थान अभियान के समापन दिवस 2 अक्टूबर बुधवार को विद्यालयों में निपुण मेले का आयोजन किया गया।

निपुण मेले में संख्या ज्ञान तथा भाषा ज्ञान की निपुणता विकसित करने के लिये शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों ने रचनात्मक कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने चित्रकारी के माध्यम से भाषा ज्ञान, संख्या ज्ञान, गणितीय पहेली, पर्यावरण संरक्षण, वायुमण्डल की परतें, जलीय चक्र, ध्वजारोहण का सुंदर दृश्य, कहानियों के पात्र उकेरे। विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए तथा नन्हे हाथों ने सुंदर रंगोली बनायी।

आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में 9 सितम्बर से आयोजित प्रखर राजस्थान अभियान के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 2 अक्टूबर को निपुण मेले का आयोजन पूरे उत्साह से किया गया। मेले में समुदाय और अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

अभियान के तहत विद्यालयों में रीड ए थॉन, पुस्तकालय दिवस, हिन्दी दिवस सप्ताह की गतिविधियां, कहानी सुनाने, रोल प्ले गतिविधि, डिजिटल, आईसीटी आधारित कहानी गतिविधियां, स्थानीय भाषा में गायन और अंत में निपुण मेले का आयोजन किया गया है। अभियान की सभी गतिविधियों को लगातार रोचक तरीके से उत्साहपूर्वक पूरा किया गया जिससे विद्यार्थियों को आनन्ददायी वातावरण में सीखने के अवसर प्राप्त हुए है।

# गांधी जयंती पर प्रभात फेरी व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजन हुआ



गांधी जयंती पर जयपुर के राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**जयपुर।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के अध्यक्ष के निर्देशन में राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती पल्लवी शर्मा एवं श्री पवन जीनवाल ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी जी के दर्शन एवं सिद्धांतों को आत्मसात करना ही राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से विद्यार्थी, आमजन, महिला, बुजुर्ग सभी के बीच अपनी एक विशेष पहचान बनाता आया है और आमजन को इस माध्यम से काफी लाभ प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम की कड़ी में विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के आसपास के परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा है'' की तर्ज पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। इस दौरान विशेषकर विद्यार्थियों से यह अपील किया कि आज का समय हमारे आसपास के वातावरण को स्वस्थ्य एवं स्वच्छ रखने का है जो कि आने वाली पीढ़ी हेतु आवश्यक है।

राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ''स्वच्छता ही सेवा है'' के माध्यम से गांधीजी के सादा जीवन-उच्च विचार की विचारधारा को धरातल पर उतारना है ताकि एक बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक पुखराज आर्य, लीगल लिटरेसी क्लब इंचार्ज हिना अख्तर सहित अन्य शिक्षक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती पर डीजे के साथ निकाली तिरंगा रैली

## द्वितीय सत्र में रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रीमाधोपुर कस्बे में तिरंगा रैली निकाली गई।

■ निबंध प्रतियोगिता में उषा जाटावत एम.ए. उत्तरार्द्ध हिन्दी साहित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**श्रीमाधोपुर** । महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में आज राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की 155 वीं एवं लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी, आनंद बबेरवाल, महेंद्र यादव, कमला मिठारवाल ने राष्ट्रिपता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आवक्ष चित्र पर पुष्पहार एवं दीप प्रज्वलित कर रैली को हरी झण्डी दिखाकर महाविद्यालय प्रांगण से श्रीमाधोपुर के मुख्य बाजार के लिए रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी मांगीलाल कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय के आईटीआई, बीएड, एमजीआई स्कूल व पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों ने राष्ट्रिपता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में डीजे के साथ रैली निकाली। यह रैली मुख्य बाजार से होते हुए एसडीएम कार्यालय, नगर पालिका, सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन, पेट्रोल पंप, बावडी आश्रम होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में पहुंची, जिसकी पूरी ट्रैफिक व्यवस्था प्रदीप शर्मा की रही। द्वितीय सत्र में सहायक आचार्य नीलम शर्मा, ममता चौधरी, अभिषेक कुमावत के सानिध्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी को अलग अलग दलों में विभाजित किया गया। नीलम शर्मा ने बताया की आकांक्षा बबेरवाल (सुभाष चन्द्र बोस ग्रुप) ने प्रथम स्थान, नीरू (लक्ष्मीबाई ग्रुप) ने द्वितीय स्थान तथा याशना (लाल बहादुर शास्त्री ग्रुप) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय सत्र में सहायक आचार्य जितेन्द्र सिंह दायमा, दयाराम तथा सुश्री प्रियंका के सानिध्य में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में उषा जाटावत पुत्री महेन्द्र जाटावत एम.ए. उत्तरार्द्ध हिन्दी साहित्य ने प्रथम स्थान, आकाश कुमावत पुत्र बजरंग लाल कुमावत बी.ए. अंतिम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा करण बबेरवाल पुत्र कृष्ण कुमार वर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में नैनसा पुत्री प्रेमचंद बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, विष्णु कुमार पुत्र मुकेश कुमार योगी, बी.ए.प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा चेतना ठठेरा पुत्री रामावतार ठठेरा, एमए पूर्वार्द्ध चित्रकला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी द्वारा विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## गांधी व शास्त्री की जयन्ती मनाई

**टोंक।** विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं सादगी व साहस के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस जनों ने गांधी पार्क टोंक में सर्व धर्म प्रार्थना सभा कर माल्यार्पण, श्रद्धा सुमन अर्पित किये। देश के दोनों महान सपूतों को नमन करते हुए जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि सत्य, अहिंसा व सत्याग्रह जैसे उच्चतम मूल्य से संपूर्ण विश्व को शांति का मार्ग दिखाने वाले, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सूत्रधार, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचार व उनके आदर्श हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी हैं।

उन्होनें कहा कि आज उनके विचारों को जो चुनौती मिल रही है, इसका मुकाबला हम बापू के सिद्धांतों पर चलकर कर रहें हैं, शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि देश के जवानों, किसानों, जनहित एवं राष्ट्र निर्माण के लिए शास्त्री जी की कार्यशैली एवं उनका अद्वितीय योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे।

इस अवसर पर सुनिल बंसल, शब्बीर अहमद पार्षद, कैलाशी देवी मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष, हंसराज गाता, जर्रार खान, इम्तियाज खांन, ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष पंकज यादव, हनुमान यादव, मूलचन्द बैरवा इत्यादि के अलावा बडी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहें।

## 203 घुमंतू व अर्ध घुमंतु व्यक्ति लाभान्वित हुए

■ सरकार गरीबों को मुख्य धारा में लाने का कर रही है प्रयास : शेखावत

**कोटपूतली** । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके सपनों को साकार करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभांवित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता के सपने को साकार करते हुए सेवा भाव को सर्वोच्च स्थान देते हुए गरीबों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिला स्तर पर पंचायत समिति भवन कोटपूतली में आयोजित कार्यक्रम में बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत कोटपूतली, विधायक प्रतिनिधि राधा देवी,जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकार रामनिवास, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार सौरव गुर्जर, घुमंतु जातियों के प्रतिनिधि प्रफुल्ल रमन, बानसूर पंचायत समिति प्रधान सुमन यादव, जिला परिषद सदस्य तथा सरपंचगण के विशिष्ट आतिथ्य में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों को आगे लाने का काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि अंतिम बैठा हुआ व्यक्ति भी साधन संपन्न हो तथा देश की मुख्य धारा में सम्मिलित हो। इसी पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु , विमुक्त जाति के व्यक्तियों को स्थाई आशियाना देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 203 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द् घुमंतु जाति के व्यक्तियों को मौके पर ही पट्टे देकर लाभान्वित किया गया। पट्टा लेने के बाद लाभार्थियों के चेहरे खिल गए।

## एस.पी. ने किया थाने का निरीक्षण

**टोंक।** जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कार्यभार संभालने के बाद बुधवार शाम 5 बजे पहली बार थाना बरोनी का दौरा कर पुलिस थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस जवानों को बेहतर पुलिसिंग के लिए क्षेत्र में अवैध बजरी, खनन परिवहन रोकने के विशेष निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम आदि का जायजा लिया और थाना प्रभारी नूर मोहम्मद उपनिरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनका समय पर निस्तारण किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किसी भी फरियादी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके साथ ही, उन्होने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एडिशनल एस.पी ज्ञानप्रकाश नवल और पीपलू पुलिस उपाधीक्षक देशराज कुलदीप भी मौजूद रहे।

## जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने ध्वज पूजन किया



रुण्डल में जमवाय माता की यात्रा को रवाना करते सांसद राव राजेन्द्र सिंह व अन्य।

**मानपुरा माचेड़ी** । रुण्डल से जमवारामगढ स्थित जमवाय माता के लिए बुधवार को 15 वीं पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा को विधि विधान से ध्वज पूजन कर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने रवाना किया। गौरतलब हैं कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी रुण्डल, मानपुरा माचेड़ी, सिरोही, मेवाल, लखेर, बीलपुर से भक्तजन शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माता की झांकी सजा कर व ध्वज लेकर डीजे की संगीतमय धुनों के साथ रवाना होकर जमवाय माता के पहुचेंगे।इस अवसर पर अजय सिंह रुण्डल, सरदार सिंह, राज सिंह, किशन सिंह, रणवीर सिंह , टिंकू सिंह, श्रीपाल सिंह, श्रवण सिंह सिरोही,बोदू सिंह मेवाल सहित सेंकडों श्रदालु मौजूद थे।

## 'खेलों के माध्यम से पुलिस के साथ आमजन का जुड़ाव बढ़ेगा'

**दौसा।** जिला प्रभारी मंत्री एवं उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले और खेलए कौशलए नियोजन एवं उद्यमिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने पुलिस में खेलों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से पुलिस के साथ आमजन का जुडाव बढेगा और समानता, सद्भावना और आत्म नियंत्रण की भावना विकसित होगीए जो पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर करने में मदद करेगी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने बुधवार को यहां राजेश पायलट स्टेडियम में जिला पुलिस की नवाचारी पहल श्दौसा प्रीमियर लीगश् क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए केवल पुलिस का ही होना पर्याप्त नहीं है। उसके लिए आमजन की भागीदारी और उनका सहयोग जरूरी है। यह क्रिकेट प्रतियोगिता पुलिस को लोगों से जोडने में मददगार साबित होगी। इस प्रतियोगिता में खेलने वाले युवा पुलिस के सक्रिय सहयोगी बनेंगे।

## स्वच्छता का संकल्प लिया

**टोंक** । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत शाखा टोंक ने जिलाध्यक्ष राजाराम जांगिड़ की अगुवाई में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को जिला कलेक्टर टोंक के माध्यम से तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में राजस्थान के कार्मिकों का एन.पी.एस मद का लगभग 41 हजार करोड़ रुपया केंद्र द्वारा राज्य सरकार को लौटाते हुए कर्मचारियों के जी.पी.एफ खातों में जमा करवाए तथा पूरे देश मे पुरानी पेंशन को लागू की जावे। मांगपत्र में आठवें वेतन आयोग का इसे लागू करने की पुरजोर मांग की गई।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

**कोटपूतली-बहरोड** । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला मुख्यालय सहित जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कोटपूतली के नगर परिषद बिल्डिंग परिक्षेत्र स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी छायाचित्र के समक्ष रामधुन और जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही सत्य,अहिंसा और स्वच्छता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र के स्वच्छता मित्रों को भी साफ-सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान कोटपूतली विधायक प्रतिनिधि राधा देवी, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, एसडीएम बृजेश चौधरी , एसीईओ सीईओ रामनिवास, नगर परिषद के अधीक्षण अभियंता दीपक मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे । इस मौके पर डीएम कल्पना अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को अंग्रेजों से आजाद कराया तो लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। साथ ही देश को विकास के पथ पर किस तरह ले कर जाए बताया है। गांधी ने अपने आस पास साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने और सत्य-अहिंसा का सूत्र दिया था। इसके लिए जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।इस दौरान एसीईओ रामनिवास ने कहा कि गांधीजी ने विश्व को शांति का संदेश दिया है।

## सार-समाचार

### हादसे में तीन जने गंभीर घायल



**मालपुरा** (निस) जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर मंगलवार की देर रात को इंदोली के पास हुये सडक हादसे मे तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्है मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद चिन्ताजनक हालत मे किया जयपुर रैफर। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम केकडी से मालपुरा की और आ रही स्विफ्ट डिजायर कार के आगे चल रहै तुडी से ऑवरलोड ट्रेक्टर ने अचानक बीच सडक पर ब्रेक लगा देने से अनियंत्रित हुई कार तुडी के ट्रेक्टर से जा भिडी। हादसे मे कार सवार सलीम पुत्र बदरूदीन निवासी बूंदी व रफीक पुत्र इब्राहीम एवं अनवर पुत्र बहादुर गंभीर घायल हो गये। धमाके की आवाज सुन दौडे ग्रामीणो ने कडी मशक्कत कर घायलो को बाहर निकाला। सुचना पर पहुंची एम्बूलेंस की सहायता से सभी घायलो को मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति कराया। डॉ. अमित सक्सेना व नर्सिंग स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलो को चिन्ताजनक हालत मे किया जयपुर रैफर।

### एस.पी. ने किया थाने का निरीक्षण

**दूदू** । पुलिस अधीक्षक जयपुर व दूदू आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार की शाम को दूदू पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने में दर्ज प्रकरणों कें निस्तारण के निर्देश दिए साथ ही जिले में आम जन एवं पुलिस के सहभागिता से अपराधों में कभी लाने के प्रयास किए जाएं तथा जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से की जावे राष्ट्रीय राजमार्ग पर पडासोली के पास लगने वाले जाम पर पर्यापजमवाय माता की 15 वीं पदयात्रा रवाना।

### गांधी व शास्त्री की जयंती पर लिया संकल्प

**मालपुरा,** (निस) बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंति पर क्षैत्र मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। शहर के गांधी पार्क मे सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन। सभी शिक्षण संस्थानो मे गांधी जयंति पर प्रार्थना सभा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। पार्क मे गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष रामधुनी कर नगरपालिका व पंचायत समिति के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने आगामी 15 दिनो मे गांधी पार्क की सुरत बदलने का गांधीजी के समक्ष संकल्प लिया। इस दौरान अनेक विभागो के कार्मिक,प्रशासनिक अधिकारी व आमजन मौजूद रहै।

### रामजीलाल शर्मा को मिला सम्मान

**मालपुरा** ( निस) जिला प्रशासन द्वारा चलाये गये स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मालपुरा क्षेत्र के भामाशाह व समाजसेवी एवं भारत विकास परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा को जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी टोंक ने आज गांधी जयंति के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा सम्मान से नवाजा। शर्मा को मिले इस सम्मान पर विभिन्न सामाजिक संगठनो ने दी बधाई।

### प्रतियोगिता के लिए 6-6 छात्राओं का चयन

**पावटा।** 68वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2०24 25 में प्रतियोगिता हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूरी भडाज पावटा में 17 वर्ष एवं 19 वर्ष दोनों में 6-6 बालिकाओं का चयन हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता श्री रामजीलाल स्वर्णकार राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुहेर डीग में 4 अक्टूबर 2०24 से 1० अक्टूबर 2०24 तक आयोजित होगा। जिसमे 17 वर्षीय छात्रा मे अंजू स्वामी पुत्री मदन स्वामी, बाला स्वामी पुत्री कजोड स्वामी, अनीता स्वामी पुत्री रामस्वरूप स्वामी, मनीषा स्वामी पुत्री बाबूलाल स्वामी, मनीषा स्वामी पुत्री रामनिवास स्वामी, पायल स्वामी पुत्री मोहनलाल स्वामी, 17 वर्षीय छात्रा मे पूजा स्वामी पुत्री रोहिताश स्वामी, ममता स्वामी पुत्री कजोड स्वामी, शालू यादव पुत्री भींवाराम यादव, रोशनी स्वामी पुत्री यालीराम स्वामी, प्रियंका यादव पुत्री भींवाराम यादव, पूजा स्वामी पुत्री महेश स्वामी का राज्य स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ये सभी छात्राएं दोनों वर्ग में कोटपूतली बहरोड जिले का प्रतिनिधित्व कर जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

### विकास के लिए ग्रामसभा आयोजित

**पावटा।** गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत आंतेला अटल सेवा केंद्र में ग्राम सरपंच जयराम नागर की अध्यक्षता मे ग्रामसभा का आयोजन कर योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। ग्राम सभा के दौरान पंचायत विकास योजना 2०25-26, नरेगा योजना वार्षिक योजना 2०25-26, स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता व साफ सफाई, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के वार्षिक सत्यापन हेतु जागरूकता, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टे व प्रॉपर्टी पार्शल वितरण, बाल विवाह निषेध, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने सहित विभिन्न बातों पर चर्चा की गई। इस दौरान कनिष्ठ सहायक रामोतार यादव, नरेश मीणा, रिशाल नागर, वार्ड पंच महेश गुप्ता, अंबेडकर विचार मंच अध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदोलिया, महावीर प्रसाद गुर्जर सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### तीन चालक गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान द्वारा चलाये जा रहे अभियान अवैध बजरी व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए निवाई सदर थाना पुलिस ने दौराने गस्त पुलिस चौकी गुन्सी के सामने से अवैध रूप से बजरी परिवहन करते चार डम्पर व एक स्कार्पियों को जप्त कर तीन वाहन चालक को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपियों में विकास पुत्र पुरूषोत्तम श्शर्मा उम्र 22 साल निवासी थडोली जिला सवाईमाधोपुर, दिनेश पुत्र रामचन्द्र जाट उम्र 26 साल निवासी काटोली दत्तवास तथा सियाराम रामकल्याण जाट उम्र 40 साल निवासी डुसरी बरोनी जिला टोंक को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वर्चुअली माध्यम से प्रदेश के विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित कर लाभान्वित किया। इसी के तहत बुधवार को ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर उपखंड उनियारा की तहसील अलीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम शामिल हुएं। जहां उन्होंने उपखंड क्षेत्र के विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किए। कार्यक्रम में नागर ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू परिवारों का इतिहास राष्ट्रीयता की रक्षा को लेकर अविस्मणीय है। इसलिए हम सभी का दायित्व है कि इन्हें स्थायित्व देकर समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाएं। उन्होंने वहां मौजूद परिवारों से आव्हान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ ले। जिला प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परिवारों के लिए जहां रोजगार के अवसर सुलभ हो वहां आवासीय पट्टा देकर बसाने का प्रयास किया जाएं। इनकी आवश्यकताओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी संवेदनशील रहे।

## गोविंदगढ़ में भाजपा ने 500 लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोटरो तक पहुंच भाजपा की सदस्यता दिलाई



गोविंदगढ़ के मुख्य बाज़ारों में सदस्यता का अभियान चलाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

**गोविंदगढ़ /अलवर** । भारतीय जनता युवा मोर्चा गोविंदगढ़ मंडल द्वारा गोविंदगढ़ के मुख्य बाज़ारों में सदस्यता का वृहद् अभियान चलाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अलवर प्रभारी विशाल पार्थ, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल शर्मा , ज़िलाध्यक्ष तरुण जैन पधारे।

कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक मोहित बटवाडा ने बताया कि युवा मोर्चा सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा के कार्यकर्ता एवं वोटर तक पहुँच कर सभी को 8800002024 पर मिसकाल दिलाकर सदस्य बना रहे है तथा आज के इस अभियान में लगभग 500 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में गोविंद गौतम मंडल मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा के ज़िला महामंत्री गगनदीप सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सनातनी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह ,रविंदर सिंह महामंत्री सम्राट सिंह नरुका ,सचिन शर्मा ,मन्नी सिंह,धर्मेंद्र यादव ,पवन मीणा ,दीनदयाल प्रजापत,गौरव महलोनिया ,शुभम ,भव्य शर्मा ,काडू सोलंकी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खैरथल में 20 तक फोगिंग कराने के निर्देश

**खैरथल** । जिला सचिवालय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने नगर परिषद कनिष्ठ अभियंता से खैरथल शहर में फॉगिंग को लेकर समीक्षा की ओर निर्देश दिए 1 से 20 अक्टूबर तक खैरथल के सभी वार्डों में फॉगिंग कराई जाए। जिससे मच्छरों के प्रकोप से होने वाली डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

खैरथल तिजारा जिले में 24 सीएचसी और पीएचसी पर सदन एसडीएम व तहसीलदार की टीम ने पहुंच कर निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देश पर जिले भर में किए गए सघन निरीक्षण कार्यवाही से चिकित्सा कर्मियों में खलबली मची है। निरीक्षण के दौरान लंगड़बास पीएचसी बंद मिली और अन्य सीएचसी पीएचसी पर 14 चिकित्सा एवं कार्मिक नदारत मिले हैं। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की निरीक्षण रिपोर्ट पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## पावटा में विजेता बच्चों को बांटे पुरस्कार

**पावटा** । ग्राम पंचायत बिदारा के राउमावि में प्रधानाचार्य दयाशंकर असवाल के नेतृत्व में निपुण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुय अतिथि शिक्षा उपनिदेशक गैंदालाल रैगर, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर, समाजसेवी बोदूराम वर्मा आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट पिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रार्थना सभा आयोजित कर की गई। इस दौरान कार्यक्रम मुय अतिथि गैंदालाल रैगर ने कहा कि मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधारभूत साक्षरता तथा संयात्मकता को सुनिश्चित करना व विद्यालय परिसर में अधिगम के लिए उचित वातावरण निर्माण करना है। वही सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर ने सबोधित करते हुए कहा कि निपुण मेला बालको मे सृजनात्मक, भाषायी विकास, कला बौद्धिक विकास व संयात्मक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर अतिथियों, अभिभावकों को विद्यालय परिसर में उत्कृष्ट गतिविधियों, अयासों पर आधारित प्रदर्शनियों से अवगत कराया गया।

मेले में बच्चों द्वारा मानसिक विकास में गणित का जादू, सृजनात्मक विकास में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल, चार्ट, टॉय मेकिंग, स्टोरी मेकिंग, स्टोरी टेलिंग, आईसीटी इंटीग्रेशन, ग्रुप वर्क व रोल प्ले सहित विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा लगाई गई स्टॉल के संबंध में बच्चों से जानकारी ली गई। बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स और सामग्री की विस्तृत जानकारी बहुत ही अच्छे तरीके से प्रस्तुत की गई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर, समाजसेवी बोदूराम वर्मा ने निपुण मेले का अवलोकन किया। विजेता बालकों के लिए उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार भी वितरण किए।निपुण मेले की संयोजिका सीता यादव चेतना शर्मा की प्रधानाचार्य दया शंकर असवाल ने भूरि भूरि प्रशन्सा की।

# मुख्यमंत्री ने 21 हजार घुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टे दिये

## भजनलाल शर्मा ने कहा कि घुमंतु व विभुक्त जातियाँ हमारी संस्कृति का जीवन्त हिस्सा हैं

जयपुर, 2 अक्टूबर। बुधवार को दुर्गापुरा -स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित 'स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार महात्मा गांधी जी की स्वच्छता और गरीब कल्याण के विचार को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में मजदूर, किसान, युवा और महिला को ही चार जातियां माना है और इन वर्गों के उत्थान को ही केन्द्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन देश के दो महापुरूषों, गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस है। दोनों महापुरूषों ने राष्ट्र की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। गांधीजी का मानना था कि 'स्वच्छता ही सेवा' है और यही विचार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2014 में गांधी जयंती पर शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत मिशन' का मूल आधार है।

- **उन्होंने कहा कि 2014 को गांधी जयन्ती पर प्रधानमंत्री द्वारा शुरु किया गया ''स्वच्छ भारत मिशन'' एक जन आंदोलन बन चुका है। इसका प्रभाव गाँवों, शहरों व कस्बों में दिखाई देता है।**
- **मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्थानीय निकायों के माध्यम से 23,820 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की विज्ञप्ति भी सरकार ने जारी की है।**

इसी के तहत 17 सितंबर से आज 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लक्षित इकाइयों को स्वच्छ स्थानों में परिवर्तित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदायों के आवासहीन व्यक्तियों को भूमि आवंटित करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। करीब 21 हजार लाभार्थी परिवारों को भूमि का पट्टा दिया गया है। राजस्थान की घुमंतू, अर्धघुमंतु, विमुक्त जातियां हमारी संस्कृति का जीवंत हिस्सा हैं। इन्होंने अंग्रेजों की यातनाएं सहकर देश को आजादी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इन लोगों को स्वयं का आवास मिले, हम इस पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लगभग 60 हजार पद रिक्त हैं, जिन पर पूर्ववर्ती सरकार ने ध्यान नहीं दिया और नियुक्तियां नहीं की। अब हमारी सरकार द्वारा स्थानीय निकायों के माध्यम से 23 हजार 820 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की विज्ञप्ति भी जारी की गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घुमंतु, अर्धघुमंतू एवं विमुक्त समुदाय के परिवारों को आवासीय भूखंड के पट्टे वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। बीकानेर जिले के लाभार्थी मनफूल नाथ ने कहा कि हम स्थाई आवास के अभाव में वर्षो तक भटकते रहे, मगर आज राज्य सरकार ने हमें आवासीय पट्टा देकर हमें आसरा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भूखंड का पट्टा मिला है तो आगे प्रधानमंत्री आवासीय योजना में मकान भी बनाकर दिया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित समारोहों में लगभग 21 हजार परिवारों को पट्टा वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने सफाई कार्मिकों को पीपीई किट बांटे तथा ''सबकी योजना-सबका विकास'' विषय पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया।

कार्यक्रम में पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में घुमंतु, अर्धघुमंतु एवं विमुक्त समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## रिपेयर खर्चा नहीं दिया, बीमा कंपनी पर 55 हजार रूपए हर्जाना लगा

जयपुर, 2 अक्टूबर। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने बीमित बोलेरो पिकअप के एक्सीडेंट होने पर उसके रिपेयर का खर्चा नहीं देने पर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी पर 55 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं, कंपनी को निर्देश दिए हैं कि वह सर्वेयर की ओर से तय की गई राशि, 1,37,213 रुपए का एक माह में परिवादी को भुगतान करे। आयोग ने कहा कि बीमा अवधि के दौरान ही बीमित वाहन का ट्रेक्टर-ट्रोली की लापरवाही से अचानक एक्सीडेंट हुआ है और सर्वेयर ने भी उसकी रिपेयर का खर्चा बताया है। ऐसे में बीमा कंपनी अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश मंगलचंद जाट के परिवाद पर दिए।

परिवाद में अधिवक्ता आरपी कुमावत ने बताया कि परिवादी ने विपक्षी इंश्योरेंस कंपनी से अपने पिकअप वाहन का 24533 रुपए प्रीमियम देकर 24 नवंबर 2014 से 23 नवंबर 2015 तक की अवधि के लिए बीमा करवाया था। इस दौरान 15 जुलाई 2015 को कोटा से जयपुर लौटते समय वाहन का टोंक जिले में एक ट्रेक्टर-ट्रोली की लापरवाही से एक्सीडेंट हो गया और उसमें वाहन मालिक मंगलचंद के गंभीर व चालक सुरेन्द्र के मामूली चोट आई। एक्सीडेंट के बाद उन्होंने वाहन को वर्कशॉप में 45 दिनों तक छोड़ा, लेकिन उसे सही नहीं किया गया।



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निकाली गई 130 कि.मी. की ''न्याय यात्रा'' को सम्बोधित किया।*

# छत्तीसगढ़ में जनता के हक की लड़ाई जारी रहेगी- सचिन पायलट

## प्रदेश कांग्रेस की 130 किलोमीटर की ''न्याय यात्रा'' की रायपुर में आम सभा हुई

रायपुर, 2 अक्टूबर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने अभी 10 महीने ही हुए हैं और जनता सड़कों पर उतर आयी है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, पिछड़ा वर्ग के लोगों, किसानों के साथ हिंसा की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं और जनता को राहत पहुंचाने के स्थान पर झूठे आंकड़े दिखाकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है।

- **आम सभा को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा, ''न्याय यात्रा'' ने भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के सामने उजागर करने का काम किया है।**

पायलट आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निकाली गई 130 कि.मी. की ''न्याय यात्रा'' के रायपुर पहुंचने पर आयोजित विशाल आमसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस न्याय यात्रा ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के सामने उजागर करने का काम किया है। साथ ही, जनता को यह विश्वास दिलाने का काम किया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के साथ सदैव खड़ा है। उन्होंने कहा कि जनता से किये गये भाजपा के तमाम वादे झूठे निकले और प्रदेश की जनता अपने-आप को ठगा सा महसूस कर रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव चल रहे हैं। लोग कांग्रेस की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं। अहंकार और घमण्ड की राजनीति करने वालों तथा दमनकारियों की तरह राज करने वालों को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जो लोग 300 पार, 400 की बात करते थे, आज उनको बैसाखियों के सहारे सरकार चलानी पड़ रही है।

छत्तीसगढ़ पी.सी.सी. द्वारा निकाली गई ''न्याय यात्रा'' के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर पायलट ने प्रदेश के सभी कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस यात्रा से पूरी पार्टी में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है।

## 'भाजपा सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब अग्निवीर रिटायर होते हैं तो उन्हें रोजगार के लिए फिर लाइन में लगना पड़ता है।

प्रियंका ने बताया कि कैसे हरियाणा में परिवार के सब सदस्यों की इन्कम को जोड़कर फैमिली आई.डी. कार्ड दिए गए, जिससे उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में एडमिशन न मिले तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिले, क्योंकि उनकी आय ज्यादा है।

प्रियंका ने बच्चों का पालन पोषण करने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कही। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वो भाजपा नेताओं को फटकार लगाएं। उन्होंने कहा, भाजपा दस साल से शासन कर रही है क्योंकि महिलाओं ने उन्हें फटकार नहीं लगाई। प्रियंका ने जनता से कहा कि बदलाव के लिए तथा उन कानूनों को हटाने के लिए वोट करें, जिनके कारण महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती है तथा हर तरह के घोटाले होते हैं।

प्रियंका ने विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगों को प्रतिमाह 6000 रुपए पैंशन की घोषणा की। इसके अलावा, हर महिला को 2000 रुपए प्रतिमाह पैंशन तथा 1200 की जगह 500 रुपए में गैस सिलैण्डर देने की घोषणा की। उन्होंने पिछले दस वर्षों से खाली पड़े रिक्त पदों पर दो लाख भर्तियों का वादा भी किया।

## कोटा संभागीय आयुक्त के जयपुर सहित कई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में न्यायालय से तलाशी वॉरंट लिया गया। इसके बाद एसीबी की टीमों ने अलसुबह आरोपी के जयपुर, कोटा और दौसा स्थित 4 ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की। विजय के जयपुर में तारों की कूट स्थित आवास पर भी टीम सुबह से मौजूद रही।

इस दौरान आरोपी आई.ए.एस. राजेन्द्र विजय के जयपुर स्थित आवास की तलाशी में 13 आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों के दस्तावेज मिले। इनमें टोंक रोड़ पर आलीशान मकान और गौरव टावर में ग्राउंड फ्लोर पर व्यावसायिक शोरूम जीटी गलेरिया और अशोक मार्ग सी-स्कीम ब्लॉक बी में भी प्रॉपर्टी हैं। इसके अलावा 2 लाख 22 हजार से अधिक की नगदी, 335 ग्राम सोने के आभूषण, 11 किलो 800 ग्राम चांदी के आभूषण एवं 3 चार पहिया वाहन मिले हैं। वहीं अनेक बीमा पॉलिसियों में निवेश, एक बैंक लॉकर और 16 अलग-अलग बैंक खाते मिले हैं, जिनमें लाखों रुपये जमा हैं।

प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी राजेन्द्र विजय द्वारा अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपये की चल-अचल परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त आरोपी एवं उसके परिजनों द्वारा कई बेनामी परिसम्पत्तियों में निवेश के साक्ष्य मिले हैं, जिनकी जाँच की जायेगी। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है।

राजेंद्र विजय ने सात दिन पहले ही कोटा के डिविज़नल कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया था। वे अभी सरकारी आवास में शिफ्ट नहीं हुए थे। वह कोटा में ही सर्किट हाउस में ठहरे हुए थे।

## राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आवास ''4 ट 24'' उपलब्ध नहीं है, इसलिए उन्हें ''4 स 24'' दिया जायेगा।

हैरानी की बात यह है कि राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने जो आवास ''4 ट 24'' उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर देने से मना किया था, वह विभाग के पास वर्ष 2000 तक उपलब्ध था, जिसे 14 जून 2000 को राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल मजीद की पत्नी सीमा मतीम को आवंटित कर दिया। यानि कि विभाग ने चहेते तत्कालीन अधिकारी को यह आवास देने के लिए सरला जैन को आवंटित आवास करीब 12 साल तक छिपाये रखा।

इससे भी ज्यादा हैरतअंगेज बात यह है कि, हाऊसिंग बोर्ड ने सरला जैन को आवास ''4 स 24'' देने का वादा किया था, वह भी नहीं दिया और उसे 3 अक्टूबर 2007 को पत्र लिखकर बताया कि, राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने यह आवास ''हाऊसिंग कमिश्नर'' के नाम पर रिजर्व कर रखा है। बाद में इस आवास को 21 जून 2013 को ''राजस्थान आवास विकास एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि.'' को आवंटित कर दिया।

- **बाद में इस आवास को 21 जून 2013 को ''राजस्थान आवास विकास एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि.'' को आवंटित कर दिया।**

पीड़ित सरला जैन की शिकायत का यह प्रकरण जब राज्य उपभोक्ता न्यायालय में पहुंचा तो अदालत ने इस मामले में यह टिप्पणी भी की थी, ''जिन आवासों ''4 ट 24'' और ''4 स 24'' को देने से राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड मना करता रहा, वह विभाग के पास उपलब्ध थे। परंतु फिर भी पीड़िता को इन आवासों का कब्जा नहीं सौंपा।''

सबसे ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि वर्ष 1988 से 2024 तक पिछले करीब 36 सालों में राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में चेयरमैन, कमिश्नर और वरिष्ठ अधिकारी बदलते रहे, लेकिन किसी ने भी पीड़ित सरला जैन के इस दुःख को नहीं समझा। यहां तक कि वर्ष 2016 में जिला उपभोक्ता न्यायालय ने हाऊसिंग बोर्ड के निर्णय को गलत ठहराते हुए पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया था, उसके बाद भी अधिकारियों ने उन्हें आवास नहीं दिया। इसके विपरीत राज्य और राष्ट्रीय उपभोक्ता न्यायालय में समय सीमा खत्म होने के बाद अपील दायर की, इससे पीड़ित का मामला लंबित रहा।

मामले में पीड़िता के वकील सिद्धार्थ रांका का कहना है कि पीड़िता सरला जैन को पिछले 36 सालों से इतना प्रताड़ित इसलिए किया गया कि, विभाग के तत्कालीन अफसरों को उन्होंने रिश्वत नहीं दी थी। वे अपने मूल आवंटित आवास ''4 ट 24'' के लिए भी इसलिए लड़ती रही, क्योंकि वह विभाग के पास वर्ष 2000 तक उपलब्ध था।

# रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने के पत्र ने हड़कम्प मचाया

## हनुमानगढ़ जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक को यह पत्र मिला था, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा था

हनुमानगढ़, 2 अक्टूबर (कासं)। कई शहरों में रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी भरा लैटर मिलने के बाद से पुलिस सर्च जारी है। यह लैटर हनुमानगढ़ जिले के जंक्शन रेलवे स्टेशन को मिला है। पुलिस प्रशासन ने रेलवे पुलिस के साथ मिलकर पत्र की पड़ताल की। साथ ही पुलिस और बीएसएफ के जाप्ते ने मिलकर रेलवे स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया, हालांकि जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु वगैरह रेलवे स्टेशन पर नहीं मिली। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ जी.आर.पी. थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसकी जांच जी.आर.पी. बीकानेर के डीएसपी कर रहे हैं।

- **पत्र में हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, बूंदी और उदयपुर सिटी को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी।**
- **पुलिस व सुरक्षा एजेन्सियों ने सभी शहरों में सर्च अभियान चलाया तथा सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।**

ए.एस.पी. प्यारेलाल मीणा ने बताया कि जंक्शन रेलवे स्टेशन अधीक्षक को लिफाफे में एक पत्र मिला। उसे खोलकर देखा तो उसमें हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, बूंदी, उदयपुर सिटी आदि रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी लिखी हुई थी। पत्र में जैश- ए-मोहम्मद संगठन का नाम लिखा हुआ था। इसके बाद रेलवे पुलिस बल, जी.आर.पी., पुलिस व बी.एस.एफ. की टीमों ने रेलवे स्टेशन परिसर में सर्च अभियान चलाया। स्टेशन परिसर में रेलवे पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया है। पुलिस भी गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अतिरिक्त निगरानी रख रही है। पत्र किसने लिखा, कहां से पोस्ट किया गया है, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

जंक्शन रेलवे स्टेशन गत वर्ष 24 अक्टूबर को भी तब चर्चा आ गया था, जब स्टेशन परिसर स्थित रेलवे अस्पताल के पास वाली दीवार पर अंग्रेजी भाषा में खालिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ पाया गया था। इसको लेकर स्टेशन मास्टर की रिपोर्ट पर अज्ञात जने के खिलाफ जी.आर.पी. थाने में राजद्रोह, रेलवे सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के प्रयास, नफरत फैलाने आदि धाराओं में मामला दर्ज किया गया। बीकानेर जी.आर.पी. के डी.एस.पी. मामले की जांच की।

इस प्रकरण में आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह निवासी बदर पट्टी चौकी कोट समीर जिला बठिंडा तथा हरमनप्रीत सिंह निवासी नसीबपुर तहसील तलवंडी साबो जिला बठिंडा के रूप में कर, उनको 13 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनको देश विरोधी नारे खालिस्तान जिंदाबाद लिखने के लिए पैसे मिलते थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मामले में कोई भी ठोस सबूत नहीं मिले हैं। वहीं, राजस्थान हाईकोर्ट ने भी सह आरोपियों को जमानत देते हुए फर्जी एन.ओ.सी. जारी करने में उनकी कोई भूमिका नहीं मानी है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सक ने अस्पताल प्रशासन को एन.ओ.सी. मिलने के बाद ही ऑपरेशन किए थे। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि चिकित्सक फर्जी एन.ओ.सी. लेने की कार्रवाई में शामिल रहे हैं या उन्हें फर्जी एन.ओ.सी. की जानकारी थी।

ऐसे में फर्जी एन.ओ.सी. के जरिए आर्गन ट्रांसप्लांट से याचिकाकर्ता का कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर संबंध नहीं है।

इसलिए उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

## नड्डा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रात 8.30 बजे से भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के जनप्रतिनिधियों से सदस्यता अभियान को लेकर संवाद करेंगे। इस दौरान बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, मेयर, उप महापौर के साथ प्रदेश सदस्यता अभियान की टोली तथा प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के साथ आगामी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## 'अमेरिका हमेशा इज़रायल के साथ खड़ा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रही हैं, जहां हिजबुल्लाह के लोग रहते हैं और वे अक्सर इज़राइली बस्तियों पर हमला करते हैं। इन हमलों की वजह से उत्तरी इज़राइल में एक लाख से ढाई लाख लोग बेघर हो गए हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि इज़राइल दक्षिणी लैबनान में सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रहा है और यहां से हिजबुल्लाह से जुड़े आतंकी गुटों का सफाया कर रहा है। पेजर विस्फोट जैसे काण्ड इस सोची समझी रणनीति का हिस्सा थे।

- **पर, यह उल्लेखनीय बात है कि खाड़ी देश हालांकि, इज़रायल-अमेरिका द्वारा हिजबुल्लाह पर आक्रमण की निन्दा करते पाये गये हैं, पर, ये देश नाखुश नहीं हैं, ईरान के ''प्रेशर'' में आने से और इसीलिये वे नहीं चाहते थे कि ईरान अपने न्यूक्लियर बम विकसित करे, क्योंकि इसके बाद ईरान अन्य खाड़ी देशों पर भी दादागिरी करेगा।**

इसके अलावा इज़राइल ने दिखा दिया है कि शत्रु के बारे में इसका नैटवर्क कितना मजबूत है। इसके पास अपने टारगैट के घर का पता, यहां तक कि कार नम्बर भी है और वह उन पर सटीकता से निशाना साध सकता है।

इज़राइल जानता था कि ईरान हमला करेगा और वह इसी का इन्तजार कर रहा था। लैबनान हिजबुल्लाह ईरान का मोर्चा है और इज़राइल के हमले से हिजबुल्लाह कमजोर हो रहा है। यह सीधे तौर पर ईरान पर हमला है। ऊपरी तौर पर मध्यपूर्व के कई देश ईरान और हिजबुल्लाह पर इज़राइल के एक्शन की आलोचना कर रहे हैं, पर ईरान पर दबाव पड़ने से वे खुश हैं। मिडिल ईस्ट के एक भी देश को यह पसंद नहीं कि ईरान के पास परमाणु संयंत्र हों, क्योंकि इससे उनके लिए भी खतरा है। सऊदी अरेबिया तो ईरान से भयभीत है, क्योंकि ईरान अक्सर सऊदी ओबिया के सीमावर्ती भागों पर भी हमला करता रहता है।

## चालान समय पर पेश नहीं हुआ, आरोपी तस्कर को जमानत मिली

जयपुर, 2 अक्टूबर। अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर द्वितीय ने विदेशी ई- सिगरेट तस्करी के मामले में कस्टम विभाग की ओर से तय समय, 60 दिन, में चालान पेश नहीं करने पर आरोपी सुनील कुमार शर्मा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने शर्त लगाई है कि आरोपी केस लंबित रखते हुए भारत नहीं छोड़ेगा। आरोपी की ओर से कहा गया कि आरोपी को 25 जुलाई को गिरफ्तार किया था और तब से वह न्यायिक अभिरक्षा में ही है। विभाग की ओर से कोई परिवाद दायर नहीं किया है और उसकी न्यायिक अभिरक्षा की अवधि 60 दिन से ज्यादा हो गई है। आरोपी के खिलाफ ऐसा कोई अपराध नहीं है जिसमें उसे मृत्युदंड या दस साल की कैद की सजा हो सकती है। ऐसे में आरोपी की धारा 187 के तहत जमानत प्राप्त करने का अधिकारी है। जवाब में विभाग ने कहा कि आरोपी व उसके साथी विद्याधर नगर- स्थित परिसर में बड़ी मात्रा में तस्करी की हुई विदेशी ई -सिगरेट का व्यापार करते हैं।

## इजरायल का गाज़ा पर बड़ा हमला, 51 लोगों की मौत

दीर अल-बला (गाजा पट्टी), 02 अक्टूबर। दक्षिणी गाजा में इजरायल ने आज फिर भीषण हमला किया है। इजरायली सेना ने यह हमला तेल अवीव पर ईरान की एयर स्ट्राइक के बाद किया है। इजरायली सेना की ओर से गाजा पर रातभर किये गये हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए हैं। फिलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बता दें कि हमास द्वारा सात अक्टूबर को किए गए हमले के बाद फिलस्तीनी क्षेत्र में युद्ध छिड़ जाने के लगभग एक वर्ष बाद भी इजरायल ने गाजा में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं, जबकि इसका ध्यान लेबनान और ईरान की ओर भी है।

उधर अब इजरायली थल सैनिकों ने हिजबुल्ला के विरुद्ध लेबनान में घुसपैठ की है।

# 'जब मैं ओलंपिक्स में डिस्क्वालिफाई हुई, मोदी जी का फोन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुडुचेरी में एक (बॉस्केटबाल) टूर्नामैंट में भाग लेना था। गांधी ने सुनाया, ''उसके (मेरी बेटी) तथा एक और लड़की के अलावा, उनकी टीम की अन्य सभी लड़कियाँ हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों की थीं। टीम की कप्तान रितिका नाम की एक लड़की थी। मैच वाले दिन, रितिका को 102 डिग्री बुखार था लेकिन वह पूरी मजबूती के साथ खड़ी हो गई और मैच खेली। यह चीज हरियाणा की लड़कियों के दृढ़ निश्चय को दर्शाती है।''

प्रियंका गांधी ने फोगाट, जो जुलाना से अपना राजनैतिक कैरियर शुरु कर रही हैं, की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''विनेश अब तक की अपनी यात्रा में मजबूती से खड़ी रही है। वे टूट गई थीं, लेकिन फिर उठ खड़ी हुईं तथा ओलम्पिक में खेलने गईं। मोदी जी की पुलिस ने उन्हें दिल्ली की सड़कों पर बाल पकड़ कर घसीटा, लेकिन वे और मजबूत होकर उभरीं। उन्होंने पेरिस ओलम्पिक में देश का प्रतिनिधित्व किया तथा जापान की ''गोल्ड मैडिलिस्ट'' और विश्व चैम्पियन को हराया।

गांधी ने कहा, जब वे भारत लौटीं तो मुझसे मिलीं। उन्होंने मुझसे कहा कि वे टूटकर बिखर गई हैं। उन्होंने राजनीति में आने के बारे में मुझसे मेरी सलाह चाही। मैंने उनसे कहा कि उन्हें बिल्कुल आना चाहिये तथा चुनाव भी लड़ना चाहिये, (उन्हें चुनाव) अपनी खातिर नहीं, बल्कि हरियाणा की सभी बेटियों, सभी महिलाओं की खातिर लड़ना चाहिये।'' प्रियंका गांधी ने कहा, ''महात्मा गांधी ने भगवद् गीता की शिक्षाओं के साथ हमारे स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। आज उनकी जयंती है। जब हम उन्हें याद करते हैं, हमें सत्यमेव जयते, अहिंसा और सत्य की सीख मिलती है। नवरात्रि का पर्व आ रहा है। हम अन्याय पर न्याय की विजय का उत्सव मनायेंगे।''

उन्होंने कहा, ''आज, हर स्तर पर आपके साथ छल और धोखा हो रहा है। प्रधानमंत्री, जो तीन काले कृषि कानून लाये थे, उस समय एक बार भी आप लोगों से मिलने नहीं आये, जब आप उनके निवास से केवल कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। वे जानते थे कि वे कानून केवल बड़े व्यवसायियों को लाभ पहुँचायेंगे, किसानों को नहीं। उन्होंने वे कानून तब वापस लिये, जब उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव आ गये थे।''

फोगाट ने कहा कि पिछले साल, जब वे तथा अन्य पहलवान पूर्व भाजपा सांसद तथा रेसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ यौन-उत्पीड़न का केस दर्ज कराने के लिए आंदोलन कर रहे थे, उस समय हम पुलिस से जूझ रहे थे तब दीपेन्द्र सिंह हुड्डा भागे-भागे आए थे, यह देखने कि हम सब ठीक तो हैं।''

फोगाट ने कहा, ''जब हमारे पक्ष में एक ऐसे भाई हैं, तो मुझे पूरा विश्वास है कि आप सबका आशीर्वाद हमें मिलेगा। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि मैं आपके स्नेह को कई गुना करके आपको लौटाऊँगी। आप सब ने मुझे ओलम्पिक में मुकाबला करते हुये देखा होगा। ओलम्पिक में मेरे हिस्सा लेने के मामले में प्रियंका गांधी की बहुत बड़ी भूमिका रही थी। जब मैं उनसे मिली, मैंने उनसे कहा कि ''दीदी, मैं इतनी बुरी तरह टूट और बिखर चुकी हूँ कि मैं ऐसा सोचने लगी हूँ कि मुझे यह देश छोड़ देना चाहिये तथा अन्य किसी देश में चले जाना चाहिये।''

फोगाट ने आगे कहा, ''दीदी ने मुझे अपने पिता के साथ हुई दुर्घटना की कहानी सुनाई। उन्होंने मुझ से कहा कि वे स्वयं भी ऐसा महसूस करती हैं कि इस देश ने उनके तथा उनके परिवार के साथ न्याय नहीं किया। लेकिन, जब वे इस देश की सड़कों पर आईं ते उन्हें महसूस हुआ कि उनका दर्द बाँटने के लिये पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने मुझे से कहा था कि पूरा देश गलत नहीं हो सकता तथा उन्होंने मुझे आश्वस्त किया था कि यह देश मुझ (फोगाट) पर भी अपना अपार स्नेह बरसायेगा।''

फोगाट ने कहा, ''उन्होंने मुझ से पूछा था कि क्या मैं कुश्ती लड़ना जारी रखना चाहूँगी। उन्होंने मुझे फिर से खेलने के लिये प्रेरित-प्रोत्साहित किया। वह एक ऐसा दिन था, जब कमरे में प्रवेश तो एक टूट चुकी लड़की ने किया था, लेकिन जब वह बाहर निकली, उस समय वह दुर्गा के रूप में थी। मैं राजनीति के लिये नई हूँ। ऐसा मत सोचना कि चूँकि में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई हूँ, इसलिये मैं इन लोगों की तारीफ कर रही हूँ। अपने हृदय के अन्तरतम से मैंने ऐसा महसूस किय है कि प्रियंका गाधी, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ये सब वरिष्ठ कांग्रेस नेता मेरे परिवार की तरह हैं।''

फोगाट ने आगे कहा, ''मुझ जैसी टूट चुकी लड़की का ख्याल जिस तरह से इस देश ने रखा है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। आज, मैं अपनी बहिनों से कह सकती हूँ कि आपके जीवन में उतार-चढ़ाव भले ही आते रहें, लेकिन प्रियंका गांधी जैसे लोग और कांग्रेस पार्टी आपके साथ हमेशा खड़े हैं।''

हरियाणा में विधानसभा चुनाव शनिवार को होंगे। जुलाना में, फोगाट का मुकाबला ''आप'' की कविता रानी, जो डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. पहलवान है, इंडियन नैशनल लोक दल के सुरेन्द्र लाठर, भाजपा के योगेश कुमार तथा जननायक जनता पार्टी के 2019 के विजयी उम्मीदवार अमरजीत ढ़ाढ़ा से होगा। इससे पूर्व, विनेश फोगाट ने जोर देते हुये कहा कि डिस्क्वालिफिकेशन के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने से इनकार कर दिया था।

फोगाट ने मोदी से बात इसलिये नहीं की थी कि राजनैतिक प्रयोजनों के लिये उनकी भावनाओं तथा प्रयासों का शोषण न हो।

''द लल्लन टॉप'' को दिये एक इन्टरव्यू में विनेश फोगाट ने कहा, ''प्रधानमंत्री का कॉल आया था लेकिन मैंने बात करने से मना कर दिया था। उनका कॉल सीधा मेरे पास नहीं, बल्कि भारतीय अधिकारियों के पास आया था। उन्होंने मुझे सूचित किया कि मोदी बात करना चाहते हैं मैं तैयार हो गई। लेकिन उन्होंने कुछ शर्ते लगाईं- मेरी टीम का कोई व्यक्ति (बातचीत के समय) मौजूद नहीं होगा तथा उनकी तरफ से दो लोग सोशल मीडिया के लिये बातचीत को रिकॉर्ड करेंगे।''

फोगाट ने कहा, ''मैं नहीं चाहती थी कि सोशल मीडिया पर मेरी भावनाओं और कड़ी मेहनत का मज़ाक उड़ाया जाये।''

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908